CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 30 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 16 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक मेट्रो का निरीक्षण किया : व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**जयपुर मेट्रो के अधिकारी भी रहे साथ, विभिन्न मेट्रो स्टेशन से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी किया अवलोकन, यात्रियों से भी की बातचीत**



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.) प्रदेश की भजनलाल सरकार जयपुर मेट्रो को लेकर काफी गंभीर है जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण का कार्य भी बहुत जल्दी शुरू होने वाला है। इसलिए जयपुर मेट्रो के वर्तमान हालातो का जायजा लेने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर बड़ी चौपट से लेकर मानसरोवर तक जयपुर मेट्रो का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य सचिव श्रीनिवास ने विभिन्न मेट्रो स्टेशन की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा ट्रेन में सवार यात्रियों से भी बातचीत की और जयपुर मेट्रो को और बेहतर बनाने के लिए यात्रियों से भी आवश्यक सुझाव लिए जयपुर मेट्रो में सुरक्षा, टिकट वितरण,महिला सुरक्षा अन्य सभी जरूरी विषयों पर मुख्य सचिव ने गहनता से अवलोकन किया और जयपुर मेट्रो के अधिकारियों और कर्मचारियों से भी बातचीत करके उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश और सुझाव दिए। जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव श्रीनिवास ने मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक जयपुर मेट्रो के सभी स्टेशनों पर जाकर वहां वास्तविक हालातो की जानकारी हासिल की और अपनी आंखों से वहां जयपुर मेट्रो की व्यवस्थाओं को देखा तथा टिकट काउंटर पर भी मौजूद लोगों से उन्होंने बातचीत करके जयपुर मेट्रो को और लोकप्रिय बनाने के लिए सुझाव के लिए यात्रियों ने अपनी ओर से भी मुख्य सचिव को कई विषयों को लेकर अपनी बात रखी। मुख्य सचिव ने बड़ी चौपड़ ,छोटी चौपड़, चांदपोल स्टेशन सिंधी कैंप रेलवे स्टेशन इत्यादि सभी जयपुर मेट्रो के स्टेशन पर खड़े होकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जयपुर मेट्रो के अधिकारियों और कर्मचारियों से कई विषयों को लेकर सवाल जवाब भी किया। इस दौरान मुख्य सचिव श्रीनिवास ने जयपुर मेट्रो में सफर करके यात्रियों से बातचीत की जयपुर मेट्रो की सुरक्षा टिकट काउंटर इत्यादि विषयों को लेकर उन्होंने यात्रियों से बातचीत की और उनसे सुझाव भी लिए। जयपुर मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों ने मुख्य सचिव से बातचीत के दौरान जयपुर मेट्रो की व्यवस्थाओं को अच्छा बताया और बातचीत में जयपुर मेट्रो के दूसरे फेज के कार्य को भी जल्दी से जल्दी शुरू करने की बात कही इसके अलावा पूरे शहर में जयपुर मेट्रो का जाल बिछाने की बात भी यात्रियों ने की। कई यात्रियों ने मुख्य सचिव से बातचीत के दौरान आमेर और आसपास के ग्रामीण इलाकों तक जयपुर मेट्रो पहुंचने की बात लोगों ने मुख्य सचिव से कहीं जानकार लोगों का कहना है कि जयपुर मेट्रो जयपुर के लोगों को खूब पसंद आ रही है और जयपुर मेट्रो में हर साल यात्रियों की संख्या में भी जबरदस्त तरीके से इजाफा हो रहा है। जयपुर मेट्रो दिल्ली मेट्रो की तरह लोगों में काफी लोकप्रिय हो गई है लेकिन अभी जयपुर का अधिकांश हिस्सा जयपुर मेट्रो की पकड़ से बाहर है इसलिए स्थानीय लोगों का कहना है कि जयपुर के सभी हिस्सों को अगर जयपुर मेट्रो से जोड़ दिया जाए तो एक तरफ जहां जयपुर में ट्रैफिक व्यवस्था में शानदार सुधार होगा। दूसरी तरफ जयपुर की परिवहन व्यवस्था भी बहुत शानदार तरीके से संपादित हो हो सकेगी जयपुर मेट्रो सुरक्षा की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है इसमें यात्रा के दौरान महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं इसके अलावा सफर भी बहुत जल्दी कंप्लीट हो जाता है कुल मिलाकर जयपुर मेट्रो को लेकर जयपुर के लोग काफी खुश हैं इसलिए प्रदेश की भजनलाल सरकार भी अब जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास भी जयपुर मेट्रो को लेकर काफी गंभीर और सजग हैं जयपुर मेट्रो में किसी भी तरह की कोई व्यवस्था न हो इसी का जायजा लेने के लिए श्रीनिवास शनिवार को खुद जयपुर मेट्रो के विभिन्न स्टेशन ऑन पर गए और वहां उन्होंने अपनी आंखों से जयपुर मेट्रो स्टेशन की कार्यशैली और गतिविधियों को देखा तथा जयपुर मेट्रो में सफर करके यात्रियों से भी काफी देर तक बातचीत की ।

## ट्रेड डील को लेकर अमित शाह ने राहुल गांधी को किसी भी मंच पर बहस करने की चुनौती दी



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार अमेरिकी व्यापार समझौते को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशान साथ रहे हैं। अब राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें किसी भी खुले मंच पर ट्रेड समझौतेको लेकर बहस करने की चुनौती दी है । अमित शाह गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में भारत की पहली सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का उद्घाटन कर रहे थे इस दौरान उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया और कहा अमेरिकी व्यापार समझौते पर देश की जनता को राहुल गांधी गुमराह कर रहे हैं उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हुए समझौते में देश के किसानों के हितों का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा रहे हैं अमित शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी को चैलेंज देना चाहता हूं कि कोई भी मंच तय कर लीजिए भाजपा के युवा मोर्चा का अध्यक्ष आकर बहस कर लेगा कि किसानों का नुकसान किसने किया है। अमित शाह ने कहा कि मैं देश के किसानों से कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं और आपको गुमराह कर रहे हैं इंग्लैंड और यूरोपीय यूनियन के साथ हुए एफ टी ए और अमेरिका से हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हितों की सुरक्षा की है तीनों समझौते में डेयरी क्षेत्र को पूरी तरह से सुरक्षित देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है ।इसके माध्यम से हमारे कृषि उत्पादन और मत्स्य उत्पादों को दुनिया के बाजार में पहुंचने का रास्ता भी खिला है । उन्होंने कहा कि मैं फिर से एक बार भारत के मछुआरों पशुपालक और कृषक को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी भी आपके हितों के साथ समझौता नहीं किया है और ना ही कर सकते हैं यह संभव है यह काम तो मनमोहन सिंह की सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन करके किया था देश की जनता ने 2014 में कांग्रेस को टाटा बाय-बाय कर दिया। पीएम मोदी आए और उस समझौते को बदल दिया उन्होंने कहा कि मनमोहन सरकार ने पूरे विश्व के लिए भारत का एग्रीकल्चर बाजार खोल दिया था। आज प्रधानमंत्री मोदी किसान की सुरक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़े हैं उन्होंने कहा कि 70 साल में एक बार कर्ज माफी का झुनझुना देकर कांग्रेस पार्टी ने देश के कृषक को गुमराह किया पीएम मोदी ने 10 साल से 6000 रुपए प्रतिवर्ष देकर किसानों को लोन लेने की नौबत ही नहीं आए। ऐसी व्यवस्था की उन्होंने कहा कि कांग्रेस का नेतृत्व हमेशा झूठ बोलकर जनता को गुमराह करता रहा है कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी संसद में किसानों की बात करते हैं कोई राहुल गांधी से यह पूछे कि आपने कृषक का कितना अनाज खरीद था 10 साल यूपीएसरकार के और 10 साल मोदी सरकार की तुलना करें तो हमने आपसे 15 गुना अधिक अनाज कृषक का समर्थन मूल्य पर खरीदा है ।

## संडे ऑन साइकिल' में युवाओं संग उतरे डॉ. सतीश पूनियां, बोले : स्वस्थ भारत से ही बनेगा समृद्ध राष्ट्र



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से युवा मामले व खेल मंत्रालय की ओर से संचालित फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत आयोजित 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में भाजपा हरियाणा प्रभारी व भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में युवाओं के साथ साइकिल चलाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान डॉ. पूनियां ने युवाओं से नियमित रूप से फिट इंडिया अभियान से जुड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वस्थ भारत और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार खेल प्रतिभाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा आमजन के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि योग, प्राणायाम, रनिंग, साइकिलिंग व अन्य खेल गतिविधियां न केवल शरीर को स्वस्थ बनाए रखती हैं, बल्कि मानसिक सुदृढ़ता व आत्मविश्वास को भी बढ़ाने का कार्य करती हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा वे स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर फिट इंडिया अभियान को सफल बनाने में सहभागिता निभाई तथा नियमित रूप से व्यायाम व खेल गतिविधियों से जुड़े रहने का संकल्प लिया।

## भजनलाल शर्मा ने पत्नी संग मां राजराजेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेश के लोगों के खुशहाल जीवन की प्रार्थना की

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.) रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी गीता शर्मा के संग मुख्यमंत्री आवास पर स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया और वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की । इस अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में नियुक्त अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव से प्रदेश की खुशहाली और प्रदेश के लोगों के सुख समृद्धि जीवन की प्रार्थना की महाशिवरात्रि पर्व पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के लोगों से कहा है कि वह सदा सत्य के मार्ग पर चलें और सत्य के मार्ग पर चलकर गरीब और वंचित लोगों की सेवा करें वन्यजीवों की सेवा और सुरक्षा करें उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना से धैर्य, संयम आत्म शुद्धि और आत्म बल मिलने के साथ-साथ हमें कर्तव्य बोध का आभास होता है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दिनचर्या में पूजा पाठ शुरू से ही अहम हिस्सा रही है मुख्यमंत्री शर्मा काफी धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं और साधु संत तथा कथा वाचकों से नियमित रूप से मुलाकात करके उनसे आशीर्वाद लेते रहते हैं देश के सभी प्रमुख साधु संत और कथावाचक भी मुख्यमंत्री



भजनलाल शर्मा के व्यक्तित्व और उनके धार्मिक भाव से काफी प्रभावित हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने सनातन धर्म की रक्षा गौ माता की रक्षा नदी शालाओं और गौशालाओं के विकास के लिए भी पिछले 2 साल में कई बड़े कदम उठाए हैं जिनको लेकर साधु संतों में मुख्यमंत्री शर्मा के कार्यों की अच्छी चर्चा होती रहती है इसके अलावा प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से अब तक राजस्थान विधानसभा में जितने भी बजट प्रस्तुत किए गए उन सब बजट में प्रदेश भर के मंदिरों के रखरखाव, संरक्षण प्रसाद इत्यादि के लिए सरकार ने भरपूर पैसा उपलब्ध करवाया है मुख्यमंत्री शर्मा सनातन धर्म की रक्षा के लिए और सनातन धर्म के विस्तार के लिए हमेशा संकल्पित नजर आए आए इसीलिए देश के सभी साधु संतों में भजनलाल शर्मा अपने व्यवहार और कार्यों से प्रशंसा का पात्र बने हुए हैं ।

## सामान्य डिब्बों पर विशेष ध्यान देते हुए ट्रेनों की निरंतर सफाई का लक्ष्य : अश्वनी वैष्णव

जयपुर टाइम्स

जयपुर रेल, सूचना एवं प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि भारतीय रेलवे द्वारा 2026 के दौरान 52 सप्ताहों में 52 सुधार करने के संकल्प के अनुरूप दो नए सुधारों को भारतीय रेलवे द्वारा अनुमोदित किया गया है और इनका कार्यान्वयन तत्काल प्रभाव से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि सुधार एक बार की घटना नहीं बल्कि एक सतत प्रक्रिया है। वैष्णव ने कहा कि इसका प्रभाव आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, क्योंकि भारतीय रेलवे विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मालवाहक बन गया है, और पूरी प्रणाली में नई पीढ़ी की ट्रेनें और काम करने के नए तरीके उभर रहे हैं। पहले सुधार के बारे में बताते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2026 से शुरू होकर, भारतीय रेलवे ट्रेनों, विशेष रूप से लंबी दूरी की ट्रेनों की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करेगा।

## भजनलाल शर्मा की मेहनत रंग लाई, 28 फरवरी को पीएम मोदी अजमेर में 23500 करोड रुपए के विकास कार्यों की देंगे सौगात

**21000 युवाओं को पीएम मोदी सरकारी नियुक्ति पत्र भी देंगे, कायड़ विश्राम स्थली में मोदी की होगी विशाल सभा, सभा की व्यापक तैयारी के लिए प्रशासन और पुलिस ने कमर कसी**



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.) प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मेहनत फिर रंग लाई है प्रदेश के लोगों को एक बार फिर से करोड़ों रुपए के विकास कार्य की सौगात मिलने वाली है। यह सौगात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मिलने वाली है आगामी 28 फरवरी को अजमेर के कायड़ विश्रामस्थली में पीएम मोदी की एक बड़ी जनसभा का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस जनसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों कई केंद्रीय मंत्रियों पार्टी के सांसदों और विधायकों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश की जनता को 23500 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात देने वाले हैं। इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी 21000 युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे। इस बाबत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 फरवरी के अजमेर दौरे के कार्यक्रम की जानकारी सार्वजनिक की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की अधिकृत सूचना शेयर करने के बाद अजमेर जिला प्रशासन और पुलिस पीएम नरेंद्र मोदी की सभा की तैयारी में व्यस्त हो गया है जानकार लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे के इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करवाने में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बड़ी भूमिका रही है मुख्यमंत्री शर्मा पिछले कुछ दिनों से लगातार इस प्रयास में जुटे हुए थे कि पीएम नरेंद्र मोदी का एक और कार्यक्रम और एक और बड़ी सभा राजस्थान में हो इसके लिए उन्होंने अपने स्तर पर भरपूर प्रयास किया जिसमें उन्हें सफलता भी हाथ लगी है पीएम नरेंद्र मोदी ने 28 फरवरी को अजमेर के कार्यक्रम के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के गठन के बाद कई जगहों पर बड़ी सभाओं का आयोजन करके प्रदेश के लोगों को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दे चुके हैं इसके अलावा पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव से पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राजस्थान के दौरे पर आ रहे हैं। प्रदेश में शासन की बागडोर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हाथ में आने के बाद पीएम मोदी बार-बार राजस्थान आना पसंद करते हैं क्योंकि वे प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों से काफी खुश और संतुष्ट हैं इसके अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से व्यक्तिगत तौर पर भी काफी खुश और प्रभावित हैं क्योंकि प्रदेश में शासन की बागडोर हाथ में लेने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले 2 साल में कड़ी मेहनत और तपस्या करके एक तरफ जहां भाजपा के संकल्प पत्र के वादों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है तो दूसरी तरफ भजनलाल सरकार की ओर से अब तक जितने भी राजस्थान विधानसभा में बजट प्रस्तुत किए गए हैं उन बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन में भी राजस्थान सरकार ने शानदार काम करके दिखाया है। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने पिछले 2 साल में पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग वन, सड़क, पर्यटन, महिला सुरक्षा, पुलिसिंग, रोजगार स्किल डेवलपमेंट इत्यादि सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य किए सबसे बड़ी बात यह मानी जा रही है कि पिछले 2 साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार से जुड़े मंत्रियों और पार्टी के विधायकों के खिलाफ किसी भी तरह का कोई भ्रष्टाचार का मामला मीडिया की सुर्खियों में नहीं आया। प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार में जीरो टोलेंस की नीति के आधार पर काम करने का जो संकल्प लिया था उस संकल्प पर प्रदेश की भजनलाल सरकार बिल्कुल सत्य उतरी है इसलिए भजनलाल सरकार के कामकाज से पीएम नरेंद्र मोदी ही नहीं बल्कि गृहमंत्री अमित शाह और मोदी सरकार के तमाम केंद्रीय मंत्री भी काफी खुश और संतुष्ट हैं इसलिए भजनलाल शर्मा के कंधों को मजबूत करने और भजनलाल सरकार पर आशीर्वाद देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी हमेशा तैयार रहते हैं इसीलिए इस बार एक बार फिर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मोदी के हाथों ही प्रदेश की जनता को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दिलाने का मन बनाया था जिसमें उन्हें सफलता भी मिली है और मोदी ने अजमेर दौरे के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी राजनीतिक विश्लेषक का भी कहना है कि पीएम नरेंद्र मोदी का 28 फरवरी का अजमेर का यह दौरा एक बार फिर से प्रदेश की जनता के लिए तो काफी फायदेमंद साबित होने वाला है ही इसके अलावा प्रदेश भाजपा के संगठन को भी मोदी का यह दौरा काफी मजबूती प्रदान करेगा। जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में कुछ महीनो के बाद ही पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव आयोजित होने वाले हैं ऐसे में मोदी का यह दौरा आगामी पंचायत राज चुनाव के लिए भी पार्टी के लिहाज से काफी लाभदायक साबित होने वाला है मोदी के इस दौर से एक तरफ जहां प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं में उत्साह और जोश का एक नया माहौल पैदा करेगा तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनके मंत्रिमंडल के मंत्रियों के हौसलों को और बुलंद करेगा जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले ही अजमेर जिला पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों ने कायड़ विश्राम स्थल का दौरा किया था और वहां पर कई तरह की व्यवस्थाओं के बारे में विचार विमर्श किया था अब जिस तरह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को खुद पीएम नरेंद्र मोदी के 28 फरवरी के अजमेर दौरे के कार्यक्रम की घोषणा की है उसके बाद प्रदेश का खुफिया तंत्र और पुलिस भी अलर्ट मोड पर नजर आ रही है। पीएम नरेंद्र मोदी कि इस विशाल सभा में किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था नहीं हो और सभा में आने वाले सभी लोगों को आधारभूत सुविधाएं मौके पर उपलब्ध हो इसके लिए प्रशासन और पुलिस ने सभी तैयारियां शुरू कर दी है सभा स्थल पर साफ सफाई, सुरक्षा, चिकित्सा पार्किंग, शौचालय इत्यादि सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही है इसके अलावा मोदी के इस दौर के दिन शहर की ट्रैफिक व्यवस्था व्यवस्थित तरीके से संपादित हो इसके भी तमाम तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं जानकारी के अनुसार मोदी की इस सभा में लाखों की संख्या में लोगों के आने की बात कही जा रही है इसलिए अजमेर जिला प्रशासन और पुलिस व्यापक तौर पर सभा की तैयारी में अभी से जुट गया है ।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
16 फरवरी, 2026

## परिचय कला संस्थान की बैठक सम्पन्न

### 21 फरवरी को रिवाज रिसॉर्ट में होगा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रंग एवं सृजनकर्मियों के विकास के साथ-साथ समाजहित के कार्यों में सक्रिय परिचय कला संस्थान की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संस्थान के अध्यक्ष अनिल नागर ने बताया कि फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'संपर्क संवाद सलाह' कार्यक्रम 21 फरवरी, शनिवार को रिवाज रिसॉर्ट, कंपनी गार्डन रोड, अलवर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं नई तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराना है। कोषाध्यक्ष राकेश जैन भौंच ने बताया कि कार्यक्रम में रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी तथा आर्थराइटिस (गठिया) संबंधी समस्याओं और उनके समाधान पर विशेष जागरूकता सत्र रखा गया है। इससे लोगों को उन्नत उपचार पद्धतियों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। संस्थान सदस्य महेंद्र गोयल ने बताया कि रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ. अनूप झुरानी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और मरीजों को निःशुल्क परामर्श देंगे। बैठक में पंकज शर्मा, गगन शर्मा, उत्तम कुमार गुप्ता, शशिभूषण जैन, प्रदीप जैन, सीए धीरज जैन, अंजना जैन, मेघा शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्थान ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं परामर्श का लाभ उठाने की अपील की है।

## 16-17 फरवरी को आयोजित होगा 'सरिस्का साहित्य संवाद 2026' का दो दिवसीय साहित्यिक उत्सव

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** साहित्य, समाज और राष्ट्रचेतना के विषयों से सम्बंधित दो दिवसीय साहित्यिक महोत्सव सरिस्का साहित्य संवाद 2026 का आयोजन 16 एवं 17 फरवरी को कम्पनी बाग के सामने स्थित रिवाज रिसॉर्ट में किया जाएगा। इस आयोजन में प्रदेश एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से साहित्यकार, चिंतक, युवा रचनाकार, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बौद्धिक जगत से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तित्व सहभागिता करेंगे। आयोजन के अंतर्गत काकोरी विषय पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी, जो स्वतंत्रता आंदोलन के स्वर्णिम अध्याय को स्मरण कराएगी। 'शतकीय राष्ट्र साधना' विषय पर केंद्रित विशेष सत्र कार्यक्रम का महत्वपूर्ण आकर्षण रहेगा। इस सत्र में विख्यात यूट्यूबर, शिक्षक एवं पूर्व आरएएस अधिकारी अंकित अवस्थी, राजस्थान के मुख्यमंत्री मीडिया सलाहकार हिरेन जोशी तथा मोटिवेशनल स्पीकर मोनिका रस्तोगी अपने विचार साझा करेंगे। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष संवाद आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर देश के प्रख्यात कवि विनीत चौहान एवं राष्ट्रीय विचारक व योग प्रशिक्षक श्रीवर्धन विषय को ऐतिहासिक एवं समकालीन परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त 'मीडिया, साहित्य एवं समाज' विषय पर आयोजित परिचर्चा में आईएएनएस राजस्थान हेड अर्चना शर्मा, विचारक निखिलेश शांडिल्य तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रोफेसर रजनी सहभागिता करेंगी। साथ ही विविध कार्यशालाएँ एवं प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी, जिनमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम का समापन 17 फरवरी को सरिस्का क्षेत्र में आयोजित 'सरिस्का वॉक' तथा आस्था के प्रमुख केंद्र पांडुपोल मंदिर के दर्शन के साथ होगा। इस अवसर पर प्रख्यात लेखिका अंशु हर्ष भी सम्मिलित रहेंगी। आयोजन समिति ने सभी साहित्यप्रेमियों, युवाओं एवं जागरूक नागरिकों से दो दिवसीय उत्सव में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

## बोबासर गांव में पाबूजी महाराज की फड़, उमड़े श्रोता



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव बोबासर में स्थित पाबूजी महाराज के मंदिर पर गत रात्रि को परम्परागत फड़ का आयोजन किया गया। पुजारी हनुमान प्रसाद ने बताया कि पाबूजी महाराज की ज्योत ली गई और उसके बाद परम्परागत फड़ का आयोजन किया गया। जिसमें लोक कलाकार लक्ष्मण भोपा ने पाबूजी महाराज की महिमा का गुणगान किया और भजन सुनाए। वहीं सारी रात तक चले आयोजन में सीताराम प्रजापत, गोविंद प्रजापत, रामनिवास प्रजापत, संजय मंडार, राजू प्रजापत, गोविंद खिलेरी, मेघसिंह, कालू सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सफल बनाने में योगदान दिया।

## पुलवामा हमले के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** वर्ष 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों की स्मृति में शनिवार शाम घंटाघर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन सनातन सेवा न्यास रतनगढ़ की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों व युवाओं ने भाग लेकर वीर शहीदों को पुष्प अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर नमन किया। इस अवसर पर जनशक्ति संगठन रतनगढ़ के पदाधिकारी सहित अन्य सामाजिक व स्थाई संगठनों के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। गौ सेवक विजय कुमार ने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र के लिए अमूल्य है और उनकी शहादत से प्रेरणा लेकर देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में गौ सेवक विजय कुमार, गुटराज ललित शर्मा, नायक, न्यास प्रदेश प्रभारी विनोद प्रजापति, दिनेश लाहोटी, शंभू दयाल लाटा, उमाशंकर शर्मा, गोविंद खठोड़, सुमित बजरंगी, भरत शर्मा, सुधीर शर्मा, जयपाल, सनातनी रोहित, नितेश, सलीम खान, बलबीर स्वामी, नरेंद्र सिंह, विकास, ओमप्रकाश नायक, अमित कुमार दुबे, नितिन सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नि :शुल्क आयुर्वेद अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का हुआ समापन, सैकड़ों रोगियों को मिला लाभ

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा।** स्वामी लीला शाह कुटिया, वल्लभ ग्राम में आयुर्वेद विभाग एवं आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 6 फरवरी से संचालित निशुल्क आयुर्वेद अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का समापन समारोहपूर्वक किया गया। समापन कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि शिवपाल जाट ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन एवं प्रभावशाली चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद के सिद्धांतों और जीवनशैली का पालन करने से अनेक रोगों से बचाव संभव है। उन्होंने इस प्रकार के शिविरों को जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद गेट अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद और एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति मिलकर कार्य करें तो यह आमजन के लिए और अधिक लाभकारी सिद्ध हो सकती है।

शिविर प्रभारी एवं सहायक निदेशक डॉ. सुरेश वर्मा ने शिविर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर के दौरान सैकड़ों रोगियों का क्षार सूत्र विधि से भर्ती कर सफल उपचार किया गया, वहीं लगभग 3500 रोगियों को बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में परामर्श एवं औषध वितरण कर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही अग्निकर्म, पंचकर्म एवं स्वर्ण प्राशन जैसी आयुर्वेदिक पद्धतियों से भी रोगियों का उपचार किया गया।

मुख्य अतिथि ने जयपुर से आए सर्जन डॉ. रामनिवास यादव, सहायक सर्जन डॉ. राधेश्याम प्रजापत एवं डॉ. पंकज गुप्ता को सम्मानित किया तथा शिविर में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कई रोगियों ने भी अपने उपचार से जुड़े सकारात्मक अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग अलवर डॉ. करण सिंह दहिया ने की तथा उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। भामाशाह ए-वन फुटवियर की ओर से शिविर स्टाफ को पानी के कैंपर भेंट कर सहयोग प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ कंपाउंडर कैलाश चंद माण्डेया एवं नेमीचंद जाटव ने किया। अंत में सहायक निदेशक एवं सह शिविर प्रभारी डॉ. अजीत बाल्यान ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमा दत्त शर्मा, डॉ. अशोक यादव, डॉ. अरुण मुद्गल, डॉ. उमेंद्र मीणा, डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. यादराम गुर्जर, डॉ. मुकेश साहू, डॉ. पवन यादव, डॉ. कुसुम यादव, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. महेंद्र प्रजापत, डॉ. रमन सहित अन्य चिकित्सक, कंपाउंडर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में सेवाएं देने वाले सभी कर्मियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

### विधायक महंत बालकनाथ योगी की जनसुनवाई

## लुहादेरा शिवरात्रि मेले में बोले- 'निस्वार्थ जीव सेवा ही भगवान शिव प्राप्ति का सरल मार्ग '

जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालकनाथ योगी ने क्षेत्र में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

जनसुनवाई के दौरान विधायक ने कहा कि राज्य सरकार के हालिया बजट में तिजारा क्षेत्र का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि भिवाड़ी में वर्षाजल भराव की समस्या के समाधान हेतु की गई बजट घोषणा क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे लंबे समय से चली आ रही समस्या के निराकरण का मार्ग प्रशस्त होगा।

इसके बाद विधायक लुहादेरा में आयोजित शिवरात्रि मेले में भी शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदिशक्ति महाशिव केवल समर्पण और सच्ची भक्ति से ही प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, 'निस्वार्थ जीव सेवा ही भगवान शिव की प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है। '



अपने संबोधन में उन्होंने भगवान शिव के जीवन को त्याग, समर्पण और जीव सेवा का प्रतीक बताते हुए कहा कि हमारे ऋषि-मुनि और तपस्वियों ने भी इसी मार्ग का अनुसरण कर समाज कल्याण का कार्य किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्वभर में सनातन धर्म के प्रति लोगों का जुड़ाव बढ़ रहा है, जिसका कारण इसकी सर्वसमावेशी भावना और कल्याणकारी संदेश है।

विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि सनातन धर्म के सिद्धांतों पर चलते हुए राष्ट्र और अधिक सशक्त एवं संगठित बनेगा तथा भारत पुनः विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित होगा।

## महाशिवरात्रि के दिन शिव कृपा आनन्द महोत्सव शिव कथा का धूमधाम से हुआ समापन

### एक कन्या का कराया विवाह

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** साधक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने बताया कि संत शिवानन्द साधक महाराज (डेरा वाले बाबा - श्रीधाम वृन्दावन) की असीम अनुकम्पा एवं संत डॉ. शिवम् साधक महाराज के सानिध्य में 08 फरवरी से चल रही शिव कृपा आनन्द महोत्सव शिव कथा का रविवार को धूमधाम के साथ समापन हुआ। यह आयोजन लगातार दोपहर 1 से 4 बजे तक श्री राम मंदिर, अपना घर शालीमार, अलवर (राजस्थान) में चल रहा था। रविवार को शिव कृपा आनन्द महोउत्सव के अंतिम दिन महाशिवरात्रि के अवसर पर 108 महारुद्राभिषेक किये गए, जिसमे 108 जोड़ो ने पूजा अर्चना की। उसके बाद भगवान् शिव की सुन्दर एवं मनमोहक बारात निकाली गयी। बारात त्रिदेव मंदिर अपना घर शालीमार से प्रारम्भ होकर श्रीराम मंदिर अपना घर शालीमार पहुंची ।जिसमे भक्तगणों ने खुशी का इजहार करते हुए खूब धूमधाम से नृत्य करते हुए बारात की शोभा बढ़ाई।

एक कन्या का कराया विवाह : रविवार को कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केन्द्र एक गरीब कन्या का विवाह भी कराया गया। जिसमे लोगो ने बढ़-चढ़कर कन्यादान देकर पुण्य कमाया। इस विवाह के साक्षी मानो स्वयं भगवान शिव और शक्ति रही हो।

शाम को संत डॉ. शिवम् साधक महाराज माच का तिराहा, गंगोडी मोड़ अलवर में स्थित मानसरोवर धाम मंदिर में



जाकर रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक करके भोले नाथ पंचमुखी शिवलिंग श्री अदभूतेश्वर जी महाराज एवं अपने पिता ब्रह्मलीन संत गुरुश्री शिवानन्द साधक महाराज (डेरा वाले बाबा - श्रीधाम वृन्दावन) का आशीर्वाद प्राप्त किया। मानसरोवर धाम मंदिर में भी सुबह से ही भक्तगणों का तांता लगा हुआ था, हजारो श्रध्दालुओं ने आकर पूजा अर्चना की। 8 से 15 फ़रवरी तक चले शिव कृपा आनन्द महोत्सव में प्रतिदिन शिव कथा में एवं कन्या के विवाह में लाखो श्रद्धालुओं ने पधारकर आनन्द एवं शिवजी महाराज की कृपा का प्रसाद प्राप्त किया एवं अपने मंगलमयी जीवन को कृतार्थ किया एवं भगवान् शिव की विशेष कृपा को प्राप्त किया।

आज बड़ी संख्या में दिल्ली, गुडगाँव, रोहतक, जयपुर, भिवाडी, वृन्दावन, मथुरा, झिर्खा फिरोजपुर से भी भक्तगणों ने बारात में आकर आनन्द प्राप्त किया।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन से पूर्व महिलाओं-बालिकाओं की प्रतियोगिताएं संपन्न

### 320 प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा, 19 फरवरी को होंगे सम्मानित

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति के तत्वावधान में रविवार को प्याज मंडी (नई सब्जी मंडी) अग्रसेन सर्किल के पास सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शकुन्तला सैनी (चेयरमैन, नगर पालिका रामगढ़) व विशिष्ट अतिथियों डॉ. मोनिका सैनी (ग्राम विकास अधिकारी), अनिता सैनी, डॉ. अलीशा सैनी, चित्रा सैनी, ज्योति सैनी व एडवोकेट सीमा सैनी द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रताप सैनी (धारा भाई) ने की।

प्रतियोगिताओं में फैन्सी ड्रेस में 134, मेहंदी में 96 तथा रंगोली में 90 प्रतिभागियों सहित कुल 320 प्रतिभागियों ने भाग लिया। फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रानी लक्ष्मीबाई, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, भारत माता सहित विभिन्न ऐतिहासिक व सामाजिक चरित्रों के रूप धारण कर प्रस्तुति दी। मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिताओं में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'जल ही जीवन है' और 'शिक्षित महिला, विकसित समाज' जैसे सामाजिक संदेशों को आकर्षक रूप में उकेरा गया।

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षित महिलाएं समाज की प्रगति की आधारशिला हैं और इस प्रकार के आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिलता है। प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान सहित कुल 33 लक्की ड्रा कूपन विजेताओं को 19 फरवरी 2026 (फुलेरा दूज) को दोपहर 12:30 बजे प्याज मंडी परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन मास्टर लक्ष्मण सिंह सैनी ने किया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाजबंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मानसरोवर धाम में विराजमान पंचमुखी अदभूतेश्वर जी महाराज

### प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आस्था का प्रमुख केंद्र, दूर-दराज से उमड़ रहे श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** गंगोड़ी मोड़, मांच का तिराहा स्थित मानसरोवर धाम मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। पहाड़ियों की हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य स्थित यह धाम विशेष रूप से सावन मास में भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। यहां राजस्थान का एकमात्र पंचमुखी शिवलिंग श्री अदभूतेश्वर जी महाराज विराजमान हैं। मंदिर की स्थापना 12 दिसंबर 2010 को की गई थी। प्रारंभ में केवल पंचमुखी शिवलिंग की स्थापना की गई, किंतु भक्तों की संख्या बढ़ने के साथ अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित की गईं। गुरुदेव शिवानन्द साधक जी महाराज के मार्गदर्शन में मंदिर परिसर में विष्णु-लक्ष्मी, शिव-पार्वती-गणेश, हनुमान (पंचमुखी), राधा-कृष्ण तथा दुर्गा माता के मंदिर स्थापित किए गए। पंचमुखी अदभूतेश्वर जी महाराज के सम्मुख नंदी बाबा का मंदिर भी निर्मित कराया गया है। मंदिर में समय-समय पर श्रीमद्भागवत कथा, श्रावण मास आयोजन, शिवरात्रि मेला, रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, बसंतोत्सव, तीजोत्सव एवं भंडारों का आयोजन किया जाता है, जिससे वर्षभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। साधक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने बताया कि 12 दिसंबर 2018 को स्थापना दिवस के अवसर पर ब्रह्मलीन गुरुदेव शिवानन्द





साधक जी महाराज की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया था। उनके सुपुत्र पूज्य श्री शिवम् साधक जी महाराज को गद्दी सौंपे जाने के बाद आश्रम की गतिविधियों में और विस्तार हुआ है। मंदिर परिसर में आश्रम व गौशाला का निर्माण पूर्ण हो चुका है। दिल्ली, गुरुग्राम, रोहतक, जयपुर, भिवाड़ी, वृंदावन, मथुरा, झिरका व फिरोजपुर सहित विभिन्न शहरों से श्रद्धालु दर्शन एवं भंडारे के लिए यहां पहुंच रहे हैं। मानसरोवर धाम आज क्षेत्र में आध्यात्मिक, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।

## गण्डाला में एक्सपर्ट ड्राइविंग स्कूल का शुभारंभ, ढुंढारिया में 85 लाख के विकास कार्य घोषित

### डॉ. मोहित जसवंत यादव के प्रयासों से सड़क व बोरवेल स्वीकृत, ग्रामीणों में उत्साह

जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने गण्डाला में एक्सपर्ट ड्राइविंग स्कूल का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के युवाओं को बेहतर ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान करेगा तथा स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने में सहायक होगा।



इसके पश्चात उन्होंने ढुंढारिया गांव का दौरा कर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान गांव के विकास हेतु 85 लाख की राशि सड़क एवं बोरवेल निर्माण के लिए घोषित किए जाने की जानकारी दी गई। यह स्वीकृति विधायक डॉ. जसवंत यादव की अनुशंसा पर मिली है। सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा, वहीं बोरवेल निर्माण से जल समस्या के समाधान की उम्मीद है। डॉ. मोहित यादव ने ग्रामीणों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए भगवान शिव से क्षेत्र की उन्नति, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। हाल ही में प्रस्तुत बजट में भी बहरोड़ क्षेत्र के लिए विभिन्न योजनाओं में पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने विशेष रूप से पेयजल समस्या के समाधान पर जोर देते हुए कहा कि जल सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और कई योजनाएं प्रगति पर हैं। ग्रामीणों ने विकास कार्यों की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में क्षेत्र में और अधिक विकास कार्य होंगे। इस अवसर पर इन्द्र यादव, राजपाल यादव, जयपाल यादव, अनिल बोहरा, ईश्वर गुर्जर, सुभाष यादव, कर्मवीर यादव, सुरेश ठेकेदार, लख्मीचन्द (पूर्व प्रधान) सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
16 फरवरी, 2026

## महाशिवरात्रि पर मंदिर में मधुमक्खियां का हमलाः कई श्रद्धालु घायल, इलाके में दहशत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के झालावाड़ जिले में बकानी कस्बे में भालता मार्ग पर स्थित मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौके पर मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसादी भी ग्रहण कर रहे थे तभी अचानक वहां मौजूद पेड़ पर मधुमक्खियां ने वहां मौजूद लोगों पर भीषण हमला बोल दिया इसकी वजह से श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया मधुमक्खियां के काटने से कई लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भी भर्ती करवाया गया है करीब आधा दर्जन लोगों के घायल होने की खबर मिली है इस घटना के बाद आसपास के पूरे इलाके में लोगों के चेहरों पर उदासी छा गई हालांकि खबर लिखे जाने तक मंदिर में आक्रामक मधुमक्खियां शांत होकर अन्यत्र चली गई थी लेकिन मधुमक्खियां ने काफी देर तक वहां पर आतंक मचाए रखा जिसकी वजह से वहां मौजूद लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते हुए नजर आए जानकारी के अनुसार मधुमक्खियां के काटने से लोगों के चेहरे पर सूजन आ गई तथा शरीर में दर्द भी महसूस हो रहा है कई लोगों के आंख और शरीर के विभिन्न भागों पर सूजन आने की वजह से वे ठीक तरह से बोल भी नहीं पा रहे हैं हालांकि डॉक्टरों की टीम इन सभी घायल लोगों का समुचित उपचार कर रही है लेकिन इलाज करवा रहे लोगों के चेहरों पर अब भी मधुमक्खियां को लेकर काफी डर बैठा हुआ है मधुमक्खियां के इसी तरह से हमला करने की घटना प्रदेश के झुंझुनू जिले के चिड़ावा क्षेत्र में भी देखने को मिली है जहां पर मधुमक्खियां ने पद यात्रियों पर हमला बोला जिसकी वजह से कई पदयात्रा घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

## मिड डे मील में 2000 करोड का घोटाला, जिसने भी घोटाला किया वह जेल जाएगा : मदन दिलावर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर बूंदी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मिड डे मील में करीब 2000 करोड रुपए का घोटाला हुआ है जिस तरह से जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ था और जल जीवन मिशन में मंत्री और कई लोग जेल गए थे वैसे ही मिड डे मील घोटाले में भी जिसने भी भ्रष्टाचार किया है वह जेल जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मिड डे मील घोटाले की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से जांच चल रही है और किसी भी भ्रष्टाचारियों को छोड़ नहीं



जाएगा जिसने भी भ्रष्टाचार किया है वह जेल जाएगा चाहे मदन दिलावर ही क्यों ना हो दिलावर के इस सख्त मिजाज के बाद यह तो साफ है कि आने वाले दिनों में भ्रष्टाचार के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से कई बड़े लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है एक अन्य सवाल के जवाब में मदन दिलावर ने कहा कि प्रदेश में संस्कृत अध्यापकों के नए पद भरने की प्रक्रिया पर सरकार कार्य कर रही है उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में वेधशालाएं और गुरुकुल खोले जाएंगे और संस्कृत शिक्षा को नई तकनीकी के साथ जोड़कर रोजगार परक बनाने की दिशा में भी सरकार कार्य कर रही है घ उन्होंने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पिछले 2 साल में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक और शानदार कार्य किए हैं स्कूल और कॉलेज सभी तरह की क्षेत्र की व्यवस्थाओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है चाहे पाठ्यक्रम में बदलाव की बात हो या फिर परीक्षाओं के निर्धारित समय पर आयोजित होने और परीक्षाओं के निर्धारित समय पर ही रिजल्ट आने जैसे तमाम विषयों पर हमारी सरकार ने प्रभावी कार्य किया है जिसका असर प्रदेश के शिक्षा के क्षेत्र में देखने को भी मिल रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बड़ी संख्या में संस्कृत की माध्यमिक स्कूलों को उच्च माध्यमिक स्कूलों में क्रमोन्नति किया है और संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने तथा संस्कृत शिक्षा के बिस्तर में सरकार ने अच्छा कार्य किया है मदन दिलावर ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि हमारी सरकार छात्रों और शिक्षकों दोनों के हितों की रक्षा और भलाई के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार थर्ड ग्रेड शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर भी गंभीर है इसके लिए सरकार तबादला नीति बना रही है उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने पूरे 5 साल तक थर्ड ग्रेड शिक्षकों को ट्रांसफर के लिए घुमाया लेकिन हमारी सरकार थर्ड ग्रेड टीचरों के ट्रांसफर को लेकर भी गंभीर है और इसके लिए नीति तैयार की जा रही है जल्दी ही जब यह नीति बनकर सामने आएगी तो फिर थर्ड ग्रेड शिक्षकों के ट्रांसफर भी नीति के अनुसार किए जाएंगे ।

## सुखजिंदर सिंह रंधावा और डोटासरा सहित कई नेताओं ने महिला कांग्रेस नेताओं को गुरु ज्ञान दिया

### सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा पाकिस्तान से भारत का मैच नहीं होना चाहिए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** राजस्थान महिला कांग्रेस की ओर से शनिवार को शुरू किया गया संगठन सृजन अभियान का रविवार को समापन हुआ इस मौके पर राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और कांग्रेस पार्टी के कई बड़े वरिष्ठ नेताओं ने महिला कांग्रेस कि इस विशेष वर्कशॉप में शामिल महिला कांग्रेस के संगठन से जोड़ी महिलाओं को आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स दिए इन नेताओं ने महिला कांग्रेस संगठन से जुड़ी नेताओं में लीडरशिप नेतृत्व डेवलपमेंट के लिए आवश्यक सुझाव और टिप्स दिए इन नेताओं ने महिला कांग्रेस संगठन से जुड़ी नेताओं को यह बताने का प्रयास किया कि उनके अंदर छुपी राजनीतिक प्रतिभा और बुद्धि कौशल को धैर्य संयम और चतुराई के साथ सामने लेकर आए इसके लिए फील्ड में जाकर महिलाओं स्कूल और कॉलेज छात्राओं से ज्यादा से ज्यादा बातचीत करके उन्हें महिला कांग्रेस विंग से जोड़ने का प्रयास करें इसके अलावा कांग्रेस पार्टी की नीति नियम सिद्धांत विचारों और आगामी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर यह बताने का प्रयास करें कि देश में अकेली कांग्रेस पार्टी है जो संविधान लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत रूप से आजादी के बाद से लेकर अब तक प्रयास कर रही हैं सुखजिंदर सिंह रंधावा ने महिला कांग्रेस के संगठन से जुड़ी नेताओं से कहा कि वर्तमान में राजस्थान और पूरे देश भर में महिला मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा है इसलिए पार्टी में महिला नेताओं की भूमिका और भी ज्यादा हो गई है इसलिए कांग्रेस में महिला नेताओं को अपना दमखम दिखाना होगा और खुद की लीडरशिप को दिखाते हुए पार्टी में अपना एक अलग से वर्चस्व कायम करना होगा उन्होंने कहा कि राजस्थान में पार्टी के संगठन को गति देने और विस्तार में महिलाओं की बड़ी भूमिका हो सकती है इसके लिए महिलाओं को तन मन धन से पार्टी की सेवा करनी होगी रंधावा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब पूरे देश में नए सिरे से पार्टी के संगठन को मजबूत करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है अब पार्टी में काम करने वाले नेताओं को ज्यादा अवसर और चांस दिए जाएंगे और चुनाव में उन नेताओं को ही टिकट दिया जाएगा।

# अशोक गहलोत से सुखजिंदर सिंह रंधावा और गोविंद सिंह डोटासरा ने मुलाकात की, कई मुद्दों को लेकर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स







**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से उनके आवास पर मुलाकात की इन तीनों ही नेताओं के बीच काफी देर तक बंद कमरे में बातचीत हुई हालांकि सुखजिंदर सिंह रंधावा और डोटासरा का कहना है कि अशोक गहलोत के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए उनसे मुलाकात की थी अशोक गहलोत राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं पार्टी के बड़े लीडर हैं संगठन से जुड़े बड़े पदों पर रहे हैं लेकिन स्वास्थ्य कारण की वजह से डॉक्टरों की सलाह पर आजकल बेड रेस्ट ले रहे हैं इसलिए उनके हाल-चाल जानने के लिए उनके घर गए थे लेकिन राजनीतिक विशेष को का कहना है कि कांग्रेस के इन तीन बड़े नेताओं का एक ही जगह पर कई देर तक होना और आपस में बातचीत करना कोई साधारण बात नहीं कहीं जा सकती तीनों नेताओं के बीच कई मुद्दों को लेकर आपस में बातचीत भी हुई है हालांकि भले ही यह तीनों नेता आपस में हुई बातचीत के बारे में मीडिया को कोई जानकारी नहीं दे लेकिन तीनों नेताओं के बीच कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर बातचीत जरूर हुई है जानकार लोगों का कहना है कि राजस्थान में विधानसभा का बजट सत्र जारी है तो केंद्र में भी संसद का सत्र जारी है राहुल गांधी संसद में अपनी बातों को और पुराने विषयों को प्रभावी और जोरदार तरीके से उठा रहे हैं तो दूसरी तरफ राजस्थान विधानसभा में भी कांग्रेस पार्टी कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर रोजाना प्रभावी तरीके से विधानसभा में अपना प्रदर्शन कर रही है राजस्थान में कुछ दिनों के बाद में पंचायत राज चुनाव होने वाले हैं ऐसे में अशोक गहलोत सुखजिंदर सिंह रंधावा और डोटासरा के बीच प्रदेश की राजनीति से जुड़े मुद्दों को लेकर तो चर्चा हुई है इसके अलावा बजट को लेकर भी तीनों नेताओं के बीच चर्चा हुई है राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के संगठन को आगे कैसे और किस तरह से मजबूत किया जाए तथा आगामी पंचायत राज चुनाव में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन अच्छा हो चुनाव प्रबंधन और उम्मीदवारों के चयन के संदर्भ में किस तरह की रणनीति तैयार की जाए और बजट सत्र में प्रदेश की भजनलाल सरकार को विधानसभा में आने वाले दिनों में कैसे और किस तरह से किन विषयों को लेकर कटघरे में खड़ा किया जाए इन सब विषयों को लेकर भी रविवार को इन तीनों नेताओं के बीच बातचीत होने की बात कही जा रही है । उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले कुछ दिनों से चिकित्सकों की सलाह पर बेड रेस्ट पर हैं और गहलोत ने चिकित्सकों की सलाह को मानते हुए खुद को पार्टी के कार्यक्रमों और सार्वजनिक सभाओं से अलग रखा हुआ है लेकिन गहलोत सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार पर विभिन्न विषयों पर लेकर हमला बोलते रहते हैं अभी बजट को लेकर भी गहलोत ने प्रदेश भजनलाल सरकार को कटघरे में खड़ा किया था इसके अलावा समय-समय पर ज्वलंत विषयों को लेकर अशोक गहलोत अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार पर हमला बोलते रहे हैं ।

## जयपुर एयरपोर्ट पर आवारा कुत्ते ने महिला पर हमला बोला, गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में एडमिट कराया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** जयपुर के सांगानेर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आवारा कुत्तों के यात्रियों और वहां मौजूद स्टाफ के कर्मचारियों पर हमला बोलने की घटनाएं रुकने का नाम ही नहीं ले रही है पिछले कुछ दिनों में करीब आधा दर्जन इस तरह की घटना हो चुकी है जिसमें आवारा कुत्तों ने एयरपोर्ट प्रशासन से जुड़े स्टाफ और यात्रियों पर हमला बोलकर घायल किया है लेकिन इसके बावजूद भी आवारा कुत्तों का आतंक यहां पर बरकरार है कहा जा रहा है कि सांगानेर एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से नगर निगम को भी आवारा कुत्तों को पकड़ने के बारे में पत्र लिखा जा चुका है लेकिन नगर निगम ने एयरपोर्ट प्रशासन के इस पत्र पर अभी तक किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की है इसी का परिणाम रहा कि रविवार को सांगानेर एयरपोर्ट टर्मिनल 2 के अराइवल क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय उड़ान से जयपुर आई महिला पर कुत्ते ने हमला बोला जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिसको पहले सांगानेर एयरपोर्ट पर प्राथमिक उपचार दिया गया इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है हालांकि महिला की हालत खतरे से बाहर है लेकिन कुत्ते के काटने से महिला काफी घबराई हुई है और लहू लुहान अवस्था में महिला को देखकर महिला के परिजन भी काफी चिंतित है जानकारी के अनुसार रविवार को अंतरराष्ट्रीय उड़ान से सांगानेर एयरपोर्ट पर पहुंची महिला विमान से उतरने के बाद टर्मिनल 2 अराइवल क्षेत्र से गुजर रही थी तभी आवारा कुत्ते ने उस पर हमला बोला जिसकी वजह से वह लहूलुहान होकर मौके पर ही जमीन पर गिर गई इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने महिला को बड़ी मुश्किल से कुत्ते से बचाया घ जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों में आवारा कुत्ते के आतंक से घायल होने की करीब आधा दर्जन घटनाएं सांगानेर एयरपोर्ट पर हुई है जिसमें सांगानेर एयरपोर्ट प्रशासन से जुड़े लोग भी शामिल हैं इसलिए आवारा कुत्ते यहां यात्रियों और यहां तैनात लोगों के लिए बड़ी मुश्किल बने हुए हैं यहां बड़ी संख्या में कुत्तों का मूवमेंट रहता है जिसको लेकर एयरपोर्ट प्रशासन ने नगर निगम को पत्र भी लिखा लेकिन नगर निगम ने एयरपोर्ट प्रशासन के पत्र पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जिसकी वजह से यहां कुत्तों का आतंक लगातार बना हुआ है उल्लेखनीय है कि सांगानेर एयरपोर्ट देश का प्रमुख एयरपोर्ट बन चुका है यहां बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक विमान से आते हैं और विमान से बाहर भी जाते हैं बड़े-बड़े राजनेताओं फिल्म जगत से जुड़े लोगों उद्योगपतियों और विशिष्ट लोगों का यहां रोजाना आना-जाना लगा रहता है लेकिन जिस तरह से यहां आवारा कुत्तों का एक तरह से साम्राज्य छाया हुआ है वह कहीं ना कहीं सांगानेर एयरपोर्ट की लोकप्रियता पर प्रश्न चिन्ह खड़े कर रहा है ।

## जयपुर में फिल्मी स्टाइल से कार सवार बदमाश ज्वैलर से सोने चांदी से भरा बैग लूट ले गए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** जयपुर के प्रताप नगर थाना इलाके में कार सवार बदमाश फिल्म स्टाइलसे ज्वेलर से सोने और चांदी के आभूषण से भरा बैग लूटकर फरार हो गए यह घटना शनिवार रात की बताई जा रही है जब वाटिका में ज्वेलरी की दुकान का संचालन करने वाले रामनिवास सोनी अपनी दुकान को बंद करके घर जा रहा था तभी प्रताप नगर इलाके में आर यू एच एस के पास अजय मार्ग पर उसके पीछे चल रहे कार सवार बदमाशों ने अपनी गाड़ी को पीड़ित रामनिवास की गाड़ी के आगे खड़ी कर उसे रुकवाया और फिर लाठी और डंडों से पीड़ित की कार पर प्रहार किया जिसकी वजह से उसकी गाड़ी के शीशे टूट गए इस दौरान बदमाशों ने पीड़ित रामनिवास को भी डंडों से हमला बोला और उसके हाथ से सोने और चांदी से भरा बैग लूटकर फरार हो गए अचानक हुए इस हमले से रामनिवास घबरा गया बाद में उसने पुलिस को सूचित किया सूचना के बाद पुलिस ने आसपास के इलाके में मौजूद सीसीटीवी कैमरे के आधार पर बदमाश की गाड़ी के नंबर और बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है जयपुर में नाकाबंदी भी की गई लेकिन खबर लिखे जाने तक बदमाशों को पुलिस चिन्हित नहीं कर पाई थी बाग में करीब 27 लाख रुपए कीमत के सोने और चांदी के आभूषण रखे हुएथे इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बदमाश रामनिवास सोनी की दुकान और वह जिस रास्ते से अपने घर से दुकान और दुकान से घर आता था उसके बारे में पूरी जानकारी रखते थे इसके लिए हो सकता है उन्होंने ठीक तरह से रामनिवास की ज्वेलरी की दुकान और उसके रास्ते की रेकी भी की हो इसीलिए बदमाशों को यह पता था कि वह कितने बजे दुकान बंद करता है और दुकान बंद करने के दौरान उसके पास ज्वेलरी भी रहती है पुलिस का मानना है कि बदमाश उसकी दुकान से ही शायद उसका पीछा कर रहे थे इसलिए जहां पर रामनिवास की दुकान है वहां इलाके में मौजूद सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड की जांच पड़ताल करके बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है पुलिस पीड़ित रामनिवास सोनी से पिछले कुछ दिनों में उसके यहां आने वाले ग्राहकों के बारे में भी छानबीन कर रही है पुलिस को संदेह है कि हो सकता है बदमाश ग्राहक बनकर दुकान की रेकी करने के उद्देश्य से रामनिवास सोनी के यहां आए हो इसलिए सोने की दुकान पर आने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी हासिल की जा रही है कुल मिलाकर पुलिस को संदेह है कि बदमाश इस तरह की वारदात को शायद पहले भी अंजाम दे चुके हैं और बदमाश पूरी तरह से प्रोफेशनल थे पुलिस इस तरह की वारदातों को अंजाम देने वाले विभिन्न बदमाशों के ग्रुप से जुड़े लोगों की वस्तु स्थिति का भी पता लग रही है लेकिन राजधानी जयपुर में इस तरह से बीच सड़क पर फिल्म स्टाइल से लूट की वारदात को अंजाम देना यह दिखाता है कि शहर में बदमाशों के हौसले कितने बुलंद हैं ।

## आलू के कट्टों के नीचे छुपा रखी हुई लाखों रुपए की कीमती शराब पकड़ी, 606 कार्टून बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पाली जिला पुलिस ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए रोहट थाना इलाके में हाईवे पर ट्रक में आलू के कट्टों के नीचे 606 पेटी कीमती अंग्रेजी शराब की बरामद की है बरामद की गई शराब की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है पुलिस ने इस मामले में ट्रक में सवार दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है बरामद की गई अंग्रेजी शराब पंजाब और हरियाणा में निर्मित बताई गई है पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर पता लग रही है कि बरामद की गई शराब को कहां से और किन लोगों के यहां से ट्रक में भर गया था और यह शराब कहां और किन लोगों को सप्लाई की जानी थी जानकारी के अनुसार शराब तस्करों ने बड़ी चतुराई से ट्रक में पहले 606 अंग्रेजी शराब की बोतलों से भर कार्टून रखें और फिर इन कार्टून के ऊपर भारी मात्रा में आलू की बोरियों रख दी ताकि कार्टून किसी को नजर नहीं आ सके लेकिन पुलिस ने इससे पहले भी कई बार इसी तरह से बड़े वाहन में छुपा कर लाई गई शराब को बरामद किया है इसलिए नाकाबंदी के दौरान हाइवे पर पुलिस की टीम बारीकी से गाड़ियों की छानबीन करती है इसलिए रोहट थाना पुलिस ने भी हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान ट्रक की सघन तलाशी ली जिसमें आलू के कट्टों के नीचे 606 अंग्रेजी शराब के कार्टून मिले हैं जिनकी कीमत करीब 27 लाख रुपए बताई गई है जानकारी के अनुसार यह शराब गुजरात भेजी जा रही थी हालांकि गुजरात में कहां और किन लोगों को यह शराब पहुंचाना सुनिश्चित था इसके बारे में खबर लिखे जाने तक जानकारी नहीं मिल पाई लेकिन पिछले कई सालों से ऐसा कई बार हुआ है जब प्रतापगढ़, डूंगरपुर ,बांसवाड़ा, उदयपुर , भीलवाड़ा , चित्तौड़गढ़ और आसपास के जिलों में अंग्रेजी शराब से भरे वाहन जो गुजरात जा रहे थे उनको पकड़ा है और इन वाहनों में पंजाब और हरियाणा में निर्मित शराब ही ज्यादा होती है इसलिए यह कह सकते हैं कि पंजाब और हरियाणा में शराब का धंधा पुलिस और प्रशासन की लाख कोशिश के बावजूद भी थोड़ा देर से संचालित हो रहा है और वहां से भारी मात्रा में शराब से भारी वाहन रोजाना राजस्थान की सीमा से होते हुए गुजरात जा रहे हैं जिनमें कई बार राजस्थान पुलिस ने इन शराब से भारी वाहनों को पकड़ा भी है तो कई बार यह शराब से भारी वाहन राजस्थान पुलिस की आंख में धूल झोंक कर गुजरात की सीमा में पहुंच भी जाते हैं ।

## आर्मी क्षेत्र में माल रोड पर पैंथर का मूवमेंट, इलाके में दहशत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के कोटा शहर में आर्मी क्षेत्र में माल रोड पर एक बार फिर से पैंथर का मूवमेंट होने की वजह से स्थानीय लोगों में घबराहट छा गई है जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में पिछले कई दिनों में कई बार पैंथर का मूवमेंट देखा गया है एक बार फिर से यहां पैंथर दिखाई देने की वजह से इलाके के लोगों में घबराहट छा गई हालांकि पैंथर ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है लेकिन इलाके में बार-बार पैंथर के नजर आने की वजह से लोगों का आम रास्ते पर विचरण करना काफी मुश्किल हो गया है हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर भी पहुंची है लेकिन खबर लिखे जाने तक वन विभाग को पैंथर की लोकेशन का पता नहीं चल पाया इसलिए उसको पकड़ पाना वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है जानकारी के अनुसार आर्मी क्षेत्र भी यहां बिल्कुल नजदीक है इसलिए आर्मी के जवान भी यहां पर अक्सर तैनात रहते हैं उन्होंने भी कई बार यहां पैंथर का मूवमेंट देखा है लेकिन पैंथर थोड़ी देर तक नजर आता है और फिर वापस जंगल की ओर अपना रुख कर लेता है इसलिए उसको पकड़ पाना काफी मुश्किल हो रहा है वन विभाग और जिला प्रशासन तथा पुलिस की टीमों ने क्षेत्र के लोगों से सावधानी से रहने को कहा है और छोटे बच्चों को माला रोड पर अकेले नहीं छोड़ने की गुजारिश भी वन विभाग और पुलिस ने लोगों से की है हालांकि पुलिस और वन विभाग की टीम अब इस क्षेत्र में समय-समय पर विचरण करती रहती है लेकिन मुश्किल की बात यह है कि पैंथर कब और किस समय यहां आ जाए इसका कोई समय पक्का नहीं है इसीलिए उसको पकड़ पाना वन विभाग के लिए बड़ा चैलेंज बना हुआ है उल्लेखनीय है कि राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में कई इलाकों में आए दिन पैंथर का मूवमेंट देखने को मिलता है इस समय प्रदेश में सभी जगह पर खेत में फसल लहरा रही है किसान दिन और रात अपने खेतों में फसल की रखवाली करते हैं ऐसे में पैंथर कई बार खेत पर रखवाली कर रहे कृषक पर भी हमला बोल देता है इस तरह के हमले पिछले दिनों प्रदेश में कई जगहों पर हुए हैं हालांकि वन विभाग की टीम में सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचती भी है कई बार रेस्क्यू करके पैंथर को पकड़ा भी जाता है लेकिन फिर वापस उसे जंगल में छोड़ दिया जाता है अब राजस्थान सरकार भी पैंथर के जंगल छोड़कर आवासीय बस्तियों में आने को लेकर काफी चिंतित है प्रदेश की भजनलाल सरकार पैंथर के हमले से मौत के मुंह में जाने वाले और घायल लोगों को अब पहले की तुलना में ज्यादा आर्थिक पैकेज देने का निर्णय भी ले रही है ।

## उदयपुरसिटी-असारवा(अहमदाबाद) -उदयपुर सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस नई रेलसेवा का शुभारंभ आज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा यात्रियो की सुविधा के लिए उदयपुर रेलवे स्टेशन पर उदयपुर सिटी-असारवा(अहमदाबाद) -उदयपुर सिटी सप्ताह में 06 दिन (मंगलवार को छोड़कर) नई रेलसेवा के संचालन का शुभारंभ किया जा रहा है। इस वंदे भारत एक्सप्रेस की उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा को आज उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 9663, उदयपुर सिटी-असारवा (अहमदाबाद) वंदे भारत एक्सप्रेस एक तरफा उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा दिनांक 16.02.26 को उदयपुर सिटी से 12.25 बजे रवाना होकर 17.15 बजे असारवा(अहमदाबाद) पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में जावर, डूंगरपुर व हिम्मतनगर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा में 7 वातानुकुलित कुर्सीयान व 1 एक्जिक्यूटिव वातानुकुलित कुर्सीयान श्रेणी के डिब्बें होगें।

## अवैध मादक पदार्थ से भरी बेकाबू कार पलटी, दो जनों की मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के बीकानेर जिले के नोखा इलाके में नेशनल हाईवे 62 पर टरकड़ा गांव के पास रविवार को अवैध मादक पदार्थ से भारी कार पहले रोड किनारे बिजली के पोल से टकराई और फिर एक ग्रामीण को टक्कर मारी और फिर कार पलट गई जिसकी वजह से ग्रामीण की भी मौके पर मौत हो गई तथा कार के चालक की भी मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतक की बॉडी को कब्जे में किया मौका मुआयना किया घटना स्थल से आवश्यक सबूत जुटाए तथा कार की तलाशी ली तो कार में भारी मात्रा में डोडा पोस्ट मिला पुलिस अब कार के नंबर के आधार पर मृतक चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही हैपुलिस का कहना है कि कार के नंबर के आधार पर कार के चालक और मालिक को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है क्योंकि रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व होने की वजह से छुट्टी के कारण परिवहन विभाग से आवश्यक जानकारी नहीं मिल पा रही लेकिन पुलिस का कहना है कि अभी यह कहना भी काफी मुश्किल है कि बरामद की गई कार नियम और कानून के अनुसार रोड पर चल रही थी या नहीं या फिर यह गाड़ी कोई चोरी की तो नहीं है क्योंकि कई बार अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले लोग चोरी की गाड़ियों का ज्यादा उपयोग करते हैं ।

## आज जयपुर में शराब की दुकानों की हड़ताल, समय बढ़ाने और कई अन्य मांग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में आज शराब की दुकानों के संचालकों ने दुकान बंद करने की घोषणा की है इसलिए आज जयपुर में स्थित करीब 350 शराब की दुकान पूरी तरह से बंद रहेगी शराब दुकान के संचालकों का कहना है कि शराब की दुकानों का समय बढ़ाने और पुलिस की दखलअंदाजी को बंद करने जैसे कई विषयों को लेकर आज जयपुर की सभी शराब की दुकान बंद रखी जाएगी यह घोषणा शराब दुकानों के एक संगठन की ओर से की गई है जानकारी के अनुसार शराब की दुकान के मालिकों का कहना है कि शराब की दुकान का समय बढ़ाना बहुत जरूरी हो गया है समय नहीं बढ़ने की वजह से एक तरफ जहां बाहर के राज्यों के शराब व्यवसाय से जुड़े लोगों को राजस्थान में शराब का कारोबार करने में अच्छी मदद मिल जाती है इसकी वजह से जयपुर के शराब की दुकान के मालिकों को तो नुकसान होता ही है इसके अलावा सरकार को भी राजस्व का नुकसान होता है इसलिए शराब की दुकानों का समय बढ़ाने से एक तरफ जहां सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी होगी तो दूसरी तरफ अन्य राज्यों के शराब कारोबारी को यहां अपना कारोबार फैलाने में मदद नहीं मिलेगी इसलिए शराब की दुकानों का समय बढ़ाना बहुत जरूरी हो गया है इसके अलावा जयपुर की शराब दुकान के संचालकों का यह भी कहना है कि पुलिस की ओर से उन्हें कई बार अननेसेसरी परेशान किया जाता है यहां दुकान के बाहर कई बार पुलिस अननेसेसरी ग्राहकों को परेशान करती है जिसकी वजह से उनके धंधे पर विपरीत असर पड़ता है इसके अलावा पुलिस जबरन उनकी दुकान को बंद करने का प्रेशर भी डालती रहती है इसके अलावा शराब दुकान मालिकों की कई अन्य भी मांग है इन सब मांगों को लेकर आज जयपुर में स्थित सभी शराब की दुकानों को 1 दिन के लिए बंद रखने का निर्णय किया गया है इसके अलावा शराब दुकान के संचालक अपनी मांग का ज्ञापन अधिकारी आयुक्त और अन्य संबंधित विभागों को ही प्रेषित करेंगेजानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार शराब की दुकान का समय बढ़ाने के बारे में भी गंभीरता से सोच रही है सरकार भी यह मानती है कि शराब की दुकान का समय बढ़ाने से दूसरे राज्यों के शराब कारोबारी को यहां कारोबार करने का ज्यादा मौका नहीं मिलेगा क्योंकि कई बार जब निर्धारित समय पर शराब की दुकान को बंद करना पड़ जाता है तो फिर अन्य राज्यों के शराब कारोबारी यहां अपनी शराब बेचने में व्यस्त हो जाते हैं जिसकी वजह से एक तरफ जहां राजस्थान सरकार को राजस्व का नुकसान होता है तो दूसरी तरफ राजस्थान सरकार से लाइसेंस लेने वाले शराब की दुकानों के मालिकों को भी काफी नुकसान होता है इसलिए शराब की दुकान के मालिक पिछले कई दिनों से शराब की दुकान का समय बढ़ाने की लगातार मांग कर रहे हैं इस मांग को लेकर राजस्थान सरकार भी काफी गंभीर है और प्रदेश के आबकारी विभाग के आयुक्त भी यह चाहते हैं कि शराब की दुकान का समय बढ़ाया जाए ताकि आबकारी विभाग की इनकम में बढ़ोतरी हो सके इसलिए पिछले दिनों यह खबर भी उठी थी कि सरकार बहुत जल्दी ही शराब की दुकानों का समय बढ़ा सकती है लेकिन अभी तक सरकार ने इस मामले में निर्णय नहीं लिया है इस वजह से राजधानी जयपुर के शराब दुकान के मालिक आज 16 फरवरी को 1 दिन के लिए अपनी दुकान बंद रखकर शराब की दुकान का समय बढ़ाने की मांग ।



## कहानी

### अहंकार का त्याग

एक नगर में शूरसेन नाम का एक राजा था । उसका राज्य बहुत बडा था । उसकी प्रजा अत्यंत सुख से रह रही थी । शूरसेन अत्यंत पराक्रमी होने के कारण उसे अपने शौर्य, राज्य, सुख-संपत्ति तथा कर्तापन का अत्यंत अहंकार था । एक दिन शूरसेन को अध्यात्म सीखने की इच्छा हुई । शूरसेन ने अपने प्रधान को बुलाकर राज्य में जो भी अध्यात्म सिखानेवाले सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी गुरु है, उनका सम्मान करने और अध्यात्म सिखाने के लिए राजमहल में लाने की आज्ञा दी । प्रधान बोले, "महाराज, हमारी राजधानी के निकट के वन में एक कुटिया में आत्मानंद महाराज रहते हैं । वे बहुत बडे ज्ञानी हैं; परन्तु वे राजमहल में आएंगे ऐसे नहीं लगता । यह बात सुनकर राजा शूरसेन ने प्रधान से कहा कि, रथ लेकर आत्मानंद महाराज के पास पहुंचे और उनका मानसम्मान कर उन्हें किसी भी प्रकार लेकर आए ।

राजा की आज्ञा से प्रधान आत्मानंद महाराज की कुटिया में पहुंचे। उन्हें प्रणाम कर प्रधान ने राजा शूरसेन का संदेश आत्मानंद महाराज को बताया । राजा शूरसेन का संदेश सुनकर आत्मानंद महाराज ने कहा "राजा को अध्यात्म सीखना है, तो उन्हें ही मेरी कुटिया में आना पडेगा । क्योंकि अध्यात्म सीखने की आवश्यकता उन्हें है, उसके लिए मुझे राजमहल आने की आवश्यकता नहीं हैं । यदि राजा को अध्यात्म का ज्ञान पाने की इतनी तडप है तो उन्होंने मेरी कुटिया में आना होगा । प्रधान ने आत्मानंद महाराज का संदेश राजा शूरसेन को बताया । वह सुनकर राजा शूरसेन अध्यात्म सिखने के लिए आत्मानंद महाराज की कुटिया में जाने के लिए तैयार हो गए। राजा शूरसेन कुटीया के निकट आए तथा उन्होंने अपने प्रधान के द्वारा 'अपने आने का संदेश' आत्मानंद महाराज को भेजा । राजा को लगा कि महाराज उसका स्वागत करने आएंगे । परन्तु ऐसा नहीं हुआ । महाराज ने प्रधान से कहा कि राजा को मेरे कक्ष में लेकर आए ।

आत्मानंद महाराज कुटीया के जिस कक्ष में बैठे थे, उस कुटीया का द्वार केवल 4 फूट उंचा था । इस कारण राजा शूरसेन और प्रधान को उस द्वार से झुककर आना पडा । उनके कक्ष के अंदर आनेपर महाराज ने अपने स्थान से उठकर उन दोनों का स्वागत किया । उन्हें खाने के लिए ताजे फल दिए और अधिक समय न गंवाते हुए अध्यात्म सिखाना आरंभ किया । अध्यात्म के अनेक पहलू जानकर राजा शूरसेन अत्यंत प्रसन्न हुए । कुटीया से जाते समय उसने आत्मानंद महाराज से नम्रता से पूछा, "महाराज, मैं तो अपने राजपाट में व्यस्त रहता हूं । मेरे मन में आपके प्रति अत्यंत आदर है । आपके राजमहल में आनेजाने की पूरी व्यवस्था सम्मान से करने के लिए मैंने प्रधान को सूचित किया था । परन्तु आपने वह न मानकर मुझे ही यहां क्यों बुलाया, इसका कृपया उत्तर दें । आत्मानंद महाराज प्रसन्नता से बोले, "तुमने 'मैं एक राजा हूं' यह अभिमान छोडकर मेरी कुटीया में आना स्वीकार करना, कुटीया में आने के बाद 4 फूट के द्वार से झुककर मेरे कक्ष में प्रवेश करना, यही तुम्हारे अध्यात्म के पाठ की पहली सीख थी । उसमें तुम उत्तीर्ण हो गए हो । अध्यात्म सिखने के लिए तुम अपने अहंकार को त्याग सकते हो अथवा नहीं यह मुझे जांचना था ।

# स्वर्ग के शैतान

*कश्मीर के मुस्लिम नेता, उन हिंदुओं के मुस्लिम पड़ोसी, उनके मुस्लिम मित्र सब मुंह मोड़कर अपने ही रक्त बंधुओं और मां-बहनों को रोते-बिलखते जाते देखते रहे। किसी ने उनको रोका नहीं, किसी ने उनको बचाया नहीं। गिरिजा टिक्कू जैसे अनेक लोमहर्षक उदाहरण कश्मीर की खूनी वादियों में बिखरे हुए हैं। वह पति के साथ कश्मीर के बांदीपोरा नगर में एक स्कूल में प्रयोगशाला सहायिका के नाते काम करती थी। जेकेएलएफ (जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट) के कुख्यात मुखिया यासीन मलिक के 'काफिरों घाटी छोड़ो' ऐलान के बाद गिरिजा टिक्कू सपरिवार जम्मू आ गई। कुछ दिन बाद उसको श्रीनगर से किसी ने फोन किया कि हालात सुधर गए हैं, तुम आकर अपना वेतन ले जाओ। विश्वास कर वह अपने स्कूल गई। वेतन लेकर अपनी मुस्लिम सहेली से मिलने आई और सोचा वहां से जम्मू वापस आ जाएगी। वहां उसकी सहेली और नागरिकों के सामने जेकेएलएफ के मुजाहिद गुंडों ने उसका अपहरण कर लिया। गिरिजा टिक्कू को इस्लामी दरिंदे अज्ञात स्थान पर ले गए, दुष्कर्म किया, कई दिन बाद जब उसका क्षत-विक्षत शव मिला तो पता चला उसको आरे से जिंदा काटा गया था। हजरतबल श्रीनगर इलाके से नर्स सरला भट्ट का अपहरण कर लिया गया। उसके साथ कई दिन सामूहिक दुष्कर्म हुआ। बाद में सड़क किनारे उसका शव मिला। दोनों ही मामलों में किसी के आंसू नहीं*



आसी गच्छीए पनुनुय पाकिस्तान, बताव रोस्तुय बतेनियन सान (हमें अपना पाकिस्तान चाहिए। कश्मीरी पंडित पुरुषों के बिना, लेकिन कश्मीरी पंडित महिलाओं के साथ)। - 20वीं शताब्दी के अंतिम दशक में कश्मीर के मुसलमानों द्वारा सार्वजनिक पर्चों में की गई घोषणा। मेरे पिता का देहांत हो गया है, हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उनकी अस्थियां (फूल) हरिद्वार में गंगा जी में प्रवाहित करने हमें जाना है। आपसे प्रार्थना है हमें हरिद्वार यात्रा की इजाजत दें - मोहन लाल टिक्कू। उर्दू दैनिक श्रीनगर टाइम्स के 11 दिसंबर, 1990 के अंक में छपा विज्ञापन जिसमें हिंदू परिवार इस्लामी जिहादियों से हरिद्वार जाने की अनुमति मांग रहा है।

कश्मीरी पंडित कायर थे, दगा दे गए, जिन्होंने अपनी मर्जी से घाटी को छोड़ा। उनको कश्मीर में नौकरियां दीं गईं, फ्लैट दिए गए, लेकिन वे काम नहीं करते, जम्मू में ऐश कर रहे हैं- शोपियां से स्वतंत्र विधायक शबीर अहमद कुले का जनवरी 2026 में न्यूज 18 पर बयान। (विवाद बढ़ने पर बयान वापस लिया) पृथ्वी पर भारत एकमात्र देश है, जहां के देशभक्त नागरिकों को 'स्वतंत्र संप्रभु राष्ट्र' में राष्ट्र ध्वज के प्रति वफादारी और धर्मनिष्ठा के कारण अंतहीन अत्याचारों का शिकार होना पड़ा। अपने ही देश में निर्वासन भोगना पड़ा। कश्मीरी हिंदू अपने घर, सेब के बगीचे, खेत, अखरोट और बादाम के पेड़, सब जस के तस छोड़कर आने पर मजबूर हुए।

कश्मीर के मुस्लिम नेता, उन हिंदुओं के मुस्लिम पड़ोसी, उनके मुस्लिम मित्र सब मुंह मोड़कर अपने ही रक्त बंधुओं और मां-बहनों को रोते-बिलखते जाते देखते रहे। किसी ने उनको रोका नहीं, किसी ने उनको बचाया नहीं। गिरिजा टिक्कू जैसे अनेक लोमहर्षक उदाहरण कश्मीर की खूनी वादियों में बिखरे हुए हैं। वह पति के साथ कश्मीर के बांदीपोरा नगर में एक स्कूल में प्रयोगशाला सहायिका के नाते काम करती थी। जेकेएलएफ (जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट) के कुख्यात मुखिया यासीन मलिक के 'काफिरों घाटी छोड़ो' ऐलान के बाद गिरिजा टिक्कू सपरिवार जम्मू आ गई। कुछ दिन बाद उसको श्रीनगर से किसी ने फोन किया कि हालात सुधर गए हैं, तुम आकर अपना वेतन ले जाओ। विश्वास कर वह अपने स्कूल गई। वेतन लेकर अपनी मुस्लिम सहेली से मिलने आई और सोचा वहां से जम्मू वापस आ जाएगी। वहां उसकी सहेली और नागरिकों के सामने जेकेएलएफ के मुजाहिद गुंडों ने उसका अपहरण कर लिया। गिरिजा टिक्कू को इस्लामी दरिंदे अज्ञात स्थान पर ले गए, दुष्कर्म किया, कई दिन बाद जब उसका क्षत-विक्षत शव मिला तो पता चला उसको आरे से जिंदा काटा गया था। हजरतबल श्रीनगर इलाके से नर्स सरला भट्ट का अपहरण कर लिया गया। उसके साथ कई दिन सामूहिक दुष्कर्म हुआ। बाद में सड़क किनारे उसका शव मिला। दोनों ही मामलों में किसी के आंसू नहीं बहे, किसी ने इनको मानवाधिकार हनन का मामला नहीं माना। हिंदुओं पर अत्याचार सामान्य और रोजमर्रा की बात मानकर संविधान, सरकार, चुनाव, राजनीतिक उठापटक के दौर चलते रहे। चलती रही पत्थरबाजी, हड़तालें, खूंखार हत्यारे यासीन मलिक की शानदार दिल्ली दावतें और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ उसकी मुलाकातें! 25 जनवरी, 1998 (गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले)- कश्मीर के गांदरबल जिले के वंधमा गांव में इस्लामी आतंकवादियों ने एक हिंदू परिवार में भारतीय जवानों के वेश में आकर चाय पी और वायरलेस पर जब उनको बताया गया कि सब हिंदुओं को एकत्र कर लिया है तो उन सबको गोलियां मार दीं, जिनमें दो और चार साल के नन्हे बच्चे भी थे। इससे पहले कि पाठक कश्मीर के हिंदू नरसंहार को भूलें, उनको भारतीय वायुसेना के जांबाज अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर रविंद्र कुमार खन्ना की शोकांतिका से परिचित कराना जरूरी है। अमृतसर निवासी स्क्वाड्रन लीडर खन्ना 25 जनवरी, 1990 को श्रीनगर के पास रावलपुरा बस स्टैंड पर वायुसेना बस की प्रतीक्षा कर रहे थे। उनके साथ वायुसेना के अन्य चार कार्मिक भी थे। जेकेएलएफ के आतंकवादी यासीन मलिक के नेतृत्व में वहां पहुंचे और एके47 से वायुसैनिकों पर गोलियां चला दीं। इस भयानक हत्याकांड की कांग्रेस तथा मुफ्ती-अब्दुल्ला शासनों में गवाहियां तक नहीं हुईं। यासीन इस हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त होने के बावजूद दिल्ली आता रहा, प्रधानमंत्री से मिलता रहा। पुलवामा हमले (14 फरवरी 2019) के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा अलगाववादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के तहत यासीन मलिक को 22 फरवरी 2019 को श्रीनगर में हिरासत में लिया गया। अप्रैल 2019 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 2017 के 'आतंकवाद को आर्थिक मदद' मामले में पूछताछ के लिए यासीन मलिक को गिरफ्तार किया और दिल्ली के तिहाड़ जेल ले आई। मई 2022 में विशेष एनआईए अदालत में यासीन मलिक ने सभी आरोपों को कबूल किया, जिसमें आतंकवादी गतिविधियां, आपराधिक साजिश और भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ना शामिल था। 25 मई, 2022 को पटियाला हाउस कोर्ट ने यासीन मलिक को आतंकवाद को आर्थिक मदद मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई, लेकिन वायुसैनिकों की हत्या का मामला अभी चल रहा है और उसमें यासीन को मृत्युदंड मिलना निश्चित है। नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के लौह संकल्प ने यह स्थिति कैसे बदली, स्मृतिविहीन समाज आज इसका अनुमान लगाना भी कठिन मान रहा है। हवा बदली, मौसम बदला, पत्थरबाजों का काला दौर खत्म हुआ

## सम्पादकीय

### सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की गरिमा का होता हनन और एक कलाकार की दहाड़



घर से लेकर कार्यस्थल तक और यहां तक कि सार्वजनिक जगहों पर भी कुछ लोग स्त्रियों की गरिमा और आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने से बाज नहीं आते। नैतिक और सामाजिक मूल्यों की इस गंभीर क्षति को रोकने का प्रयास कम ही दिखता है। मगर पिछले दिनों दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित संगीत कार्यक्रम में महिलाओं को परेशान किए जाने की घटना को पंजाबी गायिका जैस्मीन सैंडलस ने गंभीरता से लिया। गायिका ने अपना कार्यक्रम बीच में ही रोकते हुए कहा कि जब तक लड़कियां खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगी, वे नहीं गाएंगी। उनके इस कदम की सभी ने सराहना की। यह दुखद ही है कि महिलाओं को तंग किए जाने पर सैंडलस को सुरक्षाकर्मियों से गुहार लगानी पड़ी, लेकिन उन्होंने गाने से इनकार कर न केवल महिलाओं के आत्मसम्मान का सवाल उठाया, बल्कि वैसे लोगों को भी आईना दिखाया, जो भीड़ का हिस्सा बन कर अभद्रता करते हैं। सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा का दायित्व निश्चित तौर पर प्रशासन और पुलिसकर्मियों पर भी होता है। मगर सवाल है कि कौन होते हैं वे लोग, जिनसे महिलाओं को बचाने की जरूरत पड़ती है। क्या यह शर्मनाक नहीं है कि कुछ कुंठित पुरुषों की वजह से अमूमन हर जगह महिलाओं के सामने खुद को सुरक्षित रखने या बचाने का सवाल ही प्राथमिक होता है? आज भी अपने घर के आसपास, गली-मोहल्ले से लेकर सार्वजनिक परिवहन में यात्रा के दौरान महिलाओं को प्राय: अभद्रता का सामना करना पड़ता है। किसी संगीत कार्यक्रम में पहुंचे लोगों से उम्मीद की जाती है कि वहां वे महिलाओं या लड़कियों की गरिमा के साथ खिलवाड़ नहीं करेंगे। मगर दिल्ली के संगीत कार्यक्रम में पहुंचे कुछ लोगों को न तो महिलाओं के सम्मान की फिक्र थी, न ही खुद को असभ्य कहे जाने की। विडंबना यह है कि महिलाओं की गरिमा पर चोट पहुंचाते हुए देखने के बावजूद ज्यादातर लोग चुप रहना ही चुनते हैं। ऐसे में गायिका जैस्मीन सैंडलस ने महिलाओं की गरिमा के हक में और उनके उत्पीड़न के खिलाफ जो सशक्त प्रतिरोध दर्ज किया है, वह समूचे समाज के लिए एक सबक की तरह है।

# कांग्रेस पर भारी पड़ता राहुल का रवैया

*जहां तक गलवन संघर्ष को लेकर जनरल नरवणे के पुस्तक लिखने की बात है, यह अस्वाभाविक सा है कि कोई सेनाध्यक्ष हालिया सैन्य संघर्ष पर अपने संस्मरण लिखे। इसी कारण रक्षा मंत्रालय ने अभी तक उनकी पुस्तक के प्रकाशन की अनुमति नहीं दी है। इस पुस्तक में क्या लिखा है, इस पर कुछ कहना कठिन है। इस अप्रकाशित पुस्तक के अंश सार्वजनिक कैसे हुए, इसकी दिल्ली पुलिस जांच कर रही है, क्योंकि प्रकाशक का कहना है कि उसकी ओर से जनरल नरवणे की पुस्तक किसी भी रूप में प्रकाशित नहीं हुई है। प्रश्न यह है कि फिर राहुल कौन सी पुस्तक लहराते घूम रहे थे? वे जो भी पुस्तक लिए घूम रहे हों, इसमें संदेह नहीं कि उनकी ओर से यह साबित करने की कोशिश हो रही कि मोदी सरकार सीमाओं की रक्षा और खासकर चीन से निपटने के मामले में कमजोर है। यह एक विडंबना ही है कि इसे प्रचारित करने का*



संसद के बजट सत्र में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई तो राहुल गांधी ने 2020 में गलवन में चीनी सेना के साथ हुई खूनी झड़प के बहाने मोदी सरकार को घेरना आवश्यक समझा। समझना कठिन रहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने के बजाय उन्होंने चीन के साथ हुए संघर्ष और तनाव का मुद्दा क्यों उठाया? उनकी मानें तो उन्होंने इस विषय को इसलिए उठाया, क्योंकि भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कांग्रेस शासन की विफलताओं को रेखांकित किया था और आतंकवाद एवं माओवाद से निपटने में उसकी कमजोर इच्छाशक्ति का उल्लेख किया था। इसे राहुल ने कांग्रेस की देशभक्ति पर सवाल समझा और उसका जवाब देने के लिए वे गलवन संघर्ष के समय जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के एक पत्रिका में छपे अंश पढ़ने की कोशिश करने लगे।

जब लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं दी तो वे जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक की कथित प्रति संसद परिसर में लहराने लगे। राहुल के हिसाब से इस पुस्तक के जो अंश एक पत्रिका में छपे हैं, उनके अनुसार गलवन की घटना के बाद जब चीनी सेना के टैंक भारत की ओर बढ़ रहे थे तो प्रधानमंत्री की ओर से उन्हें स्पष्ट निर्देश नहीं दिए गए। पता नहीं पत्रिका ने नरवणे की पुस्तक के अंशों की ऐसी व्याख्या कैसे की, क्योंकि वे यही बताते हैं कि प्रधानमंत्री ने उनसे कहा था कि जो उचित समझें, वह करें। आखिर इसमें किसी तरह की अस्पष्टता की गुंजाइश कहां रह जाती है? ध्यान रहे कि खुद जनरल नरवणे कई बार कह चुके हैं कि भारतीय सेनाओं ने चीनी सेनाओं को सबक सिखाया।

जहां तक गलवन संघर्ष को लेकर जनरल नरवणे के पुस्तक लिखने की बात है, यह अस्वाभाविक सा है कि कोई सेनाध्यक्ष हालिया सैन्य संघर्ष पर अपने संस्मरण लिखे। इसी कारण रक्षा मंत्रालय ने अभी तक उनकी पुस्तक के प्रकाशन की अनुमति नहीं दी है। इस पुस्तक में क्या लिखा है, इस पर कुछ कहना कठिन है। इस अप्रकाशित पुस्तक के अंश सार्वजनिक कैसे हुए, इसकी दिल्ली पुलिस जांच कर रही है, क्योंकि प्रकाशक का कहना है कि उसकी ओर से जनरल नरवणे की पुस्तक किसी भी रूप में प्रकाशित नहीं हुई है। प्रश्न यह है कि फिर राहुल कौन सी पुस्तक लहराते घूम रहे थे? वे जो भी पुस्तक लिए घूम रहे हों, इसमें संदेह नहीं कि उनकी ओर से यह साबित करने की कोशिश हो रही कि मोदी सरकार सीमाओं की रक्षा और खासकर चीन से निपटने के मामले में कमजोर है। यह एक विडंबना ही है कि इसे प्रचारित करने का काम उस कांग्रेस के नेता कर रहे हैं, जिसका सीमाओं की रक्षा के मामले में रिकार्ड बहुत कमजोर रहा है।

यह तथ्य है कि कांग्रेस शासनकाल में जहां कश्मीर के एक हिस्से पर पाकिस्तान ने कब्जा किया, वहीं चीन ने भी भारत की सैकड़ों वर्ग किमी भूमि हड़पी। यह ठीक है कि तब भारत आज जितना शक्तिशाली नहीं था, पर सब जानते हैं कि कांग्रेस की सरकारों ने बाद में भी पाकिस्तान और चीन के प्रति रक्षात्मक रवैया ही रखा। यह एक स्थापित सत्य है कि पाकिस्तान और चीन से सीमा विवाद कांग्रेस शासन की ही देन हैं। कांग्रेस सरकारों के बजाय मोदी शासन का रिकार्ड देखें तो साफ पता चलता है कि उसने पाकिस्तान से भी कड़ाई से निपटा और चीन से भी। पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और आपरेशन सिंदूर का असर किसी से छिपा नहीं। इसी तरह सब जानते हैं कि डोकलाम में भारतीय सेना ने चीनी सेना को पीछे हटने पर बाध्य किया

# शहरी विकास का एजेंडा

केंद्रीय कैबिनेट ने शहरों में उच्च गुणवत्ता वाले आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए अर्बन चैलेंज फंड (शहरी चुनौती कोष) को जो स्वीकृति दी, उसके तहत अगले पांच वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता दी जाएगी। नि:संदेह शहरों के कायाकल्प की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है और आशा की जाती है कि इस योजना का हश्र स्मार्ट सिटी योजना की तरह नहीं होगा। कैबिनेट के फैसले से यह लगता भी है कि स्मार्ट सिटी योजना के अपेक्षित परिणाम न मिलने से सीख ली गई है और इसीलिए यह प्रविधान किया गया है कि केंद्र सरकार शहरों की दशा सुधारने वाली परियोजना की लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा तभी वहन करेगी, जब उसके



लिए कम से कम 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया जाए। शेष 25 प्रतिशत राशि का प्रबंध राज्य सरकारों या फिर संबंधित शहरों के स्थानीय निकायों को करना होगा। राज्यों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे शहरों के स्थानीय निकायों के साथ मिलकर ऐसा करने में समर्थ हों। चूंकि यह योजना इस वर्ष के बजट के उस प्रविधान के अनुरूप है, जिसके तहत शहरों को वृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव दिया गया था, इसलिए यह कहा जा सकता है कि मोदी सरकार शहरों की दशा सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार को उम्मीद है कि शहरी चुनौती कोष से अगले पांच वर्षों में शहरों में चार लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट शुरू हो सकते हैं। यदि ऐसा हो सके तो इससे बेहतर और कुछ नहीं, क्योंकि हमारे शहर नागरिक सुविधाओं के अभाव से जूझने के साथ जर्जर बुनियादी ढांचे का सामना कर रहे हैं। वे अनियोजित विकास का पर्याय भी बन रहे हैं। इसी कारण शहरों के बुनियादी ढांचे को संवारने अथवा नागरिक सुविधाओं को ठीक करने वाली कोई भी परियोजना कुछ ही वर्षों में अपर्याप्त अथवा समस्याग्रस्त नजर आने लगती है। इस विषम स्थिति से तभी बचा जा सकता है, जब शहरों के आधारभूत ढांचे का विकास दीर्घकालिक चुनौतियों, पर्यावरण हितों और आबादी के लगातार बढ़ते दबाव को ध्यान में रखकर किया जाए। जब ऐसा होगा, तभी हमारे शहर नगरीय जीवन को सुविधाजनक बनाने के साथ आर्थिक विकास के केंद्र बन पाएंगे। यदि भारत को सचमुच विकसित देश बनना है तो उसे अपने छोटे-बड़े शहरों को संवारना ही होगा

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
16 फरवरी, 2026

# महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ अंचल: मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, दिनभर गूंजते रहे 'हर-हर महादेव


मकराना।



सांगानेर।


चूरू।


सुजानगढ़।


मण्डावा।



मण्डावा।



धौलपुर।


सरदारशहर।


सुमेरपुर।


सुमेरपुर।


बिजौलियां।


चौमूं।

जयपुर टाइम्स

**मकराना।** फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी के पावन अवसर पर रविवार को महाशिवरात्रि पर्व मकराना शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। महेश्वरी भवन गौशाला के पास स्थित शहर के सबसे बड़े शिवलिंग मंदिर में श्रद्धालुओं की सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली जहां हजारों की संख्या में भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक किया। चारभुजा मंदिर से लेकर देसी चौक तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। भक्तों ने दूध, दही, घी, शहद और बेलपत्र अर्पित कर '? नमः शिवाय' का जाप करते हुए भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की। रात्रि जागरण व भजन-कीर्तन के आयोजन से पूरे शहर का माहौल भक्तिमय बना रहा। महाशिवरात्रि के अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी भारी भीड़ उमड़ने से यातायात व्यवस्था प्रभावित रही, जिसको लेकर प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। इस दौरान गीता सोलंकी, पूजा सोलंकी, सुनीता भिचर, प्रधान रामू सिंधी, प्रकाश जैन, सुनील जैन, पंकज शर्मा, विक्रम गुर्जर, महेंद्र सैनी, पवन कुमार, कविता शर्मा, सोनिया वैष्णव व रेखा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**सांगानेर।** उपखंड क्षेत्र के श्रीरामपुरा स्थित दादू दयाल महाराज की बगीची शिव मंदिर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। पर्व के अवसर पर मंदिरों में विशेष साफ-सफाई कर आकर्षक रोशनी से सजावट की गई तथा भगवान महाकाल की भव्य झांकियां सजाई गईं। पंडित आचार्य केशव शर्मा व पंडित राहुल शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में सांगानेर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही शिव भक्तों का मंदिरों में आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पंचामृत से भगवान शिव का अभिषेक कर आक, धतूरा, बेर, गाजर व मूली अर्पित करते हुए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। रुद्राभिषेक के पश्चात श्रद्धालुओं ने शिव चालीसा, शिव तांडव स्तोत्र व रुद्री पाठ का आयोजन किया और परिवार में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई। क्षेत्र के मंदरामपुरा बालाजी महाराज शिव मंदिर सहित सांगानेर, मुहाना, जगन्नाथपुरा, कोकावास, वाटिका, रेनवाल मांझी, बालावाला, लांखना, रातल्या, अचरावाला व सीतारामपुरा के शिवालयों में भी धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

**चूरू।** महाशिवरात्रि पर्व रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, शिव भक्तो ने भगवान शंकर की विशेष पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने अलसुबह से ही मंदिरों में कतारें लगानी शुरू कर दी थीं। शिवालयों में दिनभर ओम नमः शिवाय का जाप गूंजता रहा। भक्तों ने भगवान शिव को दूध, पंचामृत, फल, धतूरा, बेलपत्र, पुष्प, अबीर, गुलाल और भस्म अर्पित कर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। कई मंदिरों में भगवान शंकर का रुद्राभिषेक भी किया गया। इस दौरान मंदिरों में भगवान शंकर का दिव्य श्रृंगार किया गया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शहर के विभिन्न मंदिरों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। पर्व को देखते हुए शहर के मंदिरों में पुलिस बल तैनात रहा। महिला श्रद्धालु नीलम वर्मा ने बताया कि भगवान शंकर की पूजा-अर्चना करने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। शहर के प्रमुख मंदिरों जैसे सब्जी मंडी स्थित महामंगलेश्वर मंदिर, शंकरनाथ जी की छतरी, पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर, जयपुर आरओबी के नीचे शिव मंदिर, नया बास शिव मंदिर, नए बस स्टैंड के पास शिव मंदिर, सफेद घंटाघर स्थित गंगामाई मंदिर, ओम कॉलोनी स्थित शिवालय, शारदा स्कूल के पास शिवालय, गढ़ स्थित ठाकुरजी मंदिर, रामजस कुएं के पास हनुमानधोरा मंदिर, टांई वालों की छतरी में स्थित शिवालय और कालीकमली मंदिर के शिवालय सहित अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

**सुजानगढ़।** महाशिवरात्रि का पर्व शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर ठरड़ा क्षेत्र में स्थित भगवान शिव के मंदिर में शिवलिंग का अलौकिक श्रृंगार किया गया। दिनभर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने की सिलिसला जारी रहा। वहीं अनेकों जगहों पर भगवान शिवि के अभिषेक भी किए गए। भगवान को गाजर, बोर, आक धतूरे चढ़ाकर रिझाया गया। अनेक श्रद्धालुओं ने व्रत भी रखे। मंदिरों में रात्रि को जागरण के कार्यक्रम हुए।

**मण्डावा।** क्षेत्र में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही प्रमुख शिव मंदिरों के बाहर भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां श्रद्धालु दूध, दही एवं गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करते नजर आए। पूरे दिन 'हर-हर महादेव' और '? नमः शिवाय' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महाशिवरात्रि के अवसर पर मण्डावा क्षेत्र के मंदिरों को फूलों की मालाओं एवं आकर्षक रोशनी से विशेष रूप से सजाया गया। प्राचीन पारदेशी शिवालय, ब्रह्म बगीची महादेव एवं भूतनाथ महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भारी भीड़ उमड़ी। पारदेशी शिवालय में मंगला आरती के पश्चात जलाभिषेक के लिए सुबह 4 बजे मंदिर के पट खोले गए, जिसके बाद हजारों श्रद्धालु बेलपत्र, फूल एवं धतूरा लेकर भगवान शिव के दर्शन करने पहुंचे। वहीं मुकुन्दगढ़ मार्ग स्थित सियारामजी की बगीची में श्रद्धालुओं को भगवान शिव को जल अर्पित करने से पूर्व पवित्र जल में स्नान करने की विशेष व्यवस्था की गई। दिनभर मंदिरों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं अभिषेक का दौर चलता रहा, जिससे पूरे नगर में आस्था और उल्लास का वातावरण बना रहा।

**मण्डावा।** कस्बे के वार्ड नंबर 17 स्थित प्रजापति जीणमाता एवं शिव मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नवस्थापित शिव परिवार का रुद्राभिषेक श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। दोपहर सवा एक बजे पंडित जितेन्द्र इन्दौरिया एवं पंडित पंकज शर्मा के आचार्यत्व में आयोजित इस पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान सीताराम भोड़ीवाल ने सपत्निक भाग लिया। इस अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष राजेन्द्र सनोदिया, कोषाध्यक्ष भंवरलाल मारवाल, मदनलाल भोड़ीवाल, केशरदेव भोड़ीवाल एवं रामप्रसाद भोड़ीवाल सहित अनेक श्रद्धालु सपरिवार रुद्राभिषेक में शामिल हुए। महाशिवरात्रि के दिन प्रातः 4:15 बजे से ही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया, जो दोपहर तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान कमल मारवाल, नरोत्तम कुमावत, निलेश सनोदिया, ओमप्रकाश मौर्य, नत्थुराम सौखल (फतेहपुर), मंजू सनोदिया, द्रौपदी मारवाल, कविता मारवाल, मुन्नी देवी, चुकी देवी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में दिनभर भक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

**धौलपुर।** जिले के राजाखेड़ा नगर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा,आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही बाबा महाकाल के मंदिरों एवं शिवालयों में ? नमः शिवाय और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष से पूरा नगर शिवमय हो उठा। लगातार सात वर्षों से सक्रिय महाकाल सेवा सुरक्षा संस्थान की ओर से इस वर्ष भी भव्य महाकाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। दोपहर लगभग 12 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ राजाखेड़ा स्थित प्राचीन वनखंडेश्वर मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किया गया। शोभायात्रा वानखंडेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर नयावास मोहल्ला, कान्यकुब्ज मोहल्ला, थाना राजाखेड़ा होते हुए नगर के मुख्य बाजार मार्ग से निकली और पीर की मोहल्ला,छैकुरिया बस्ती मार्ग से पुनः वनखंडेश्वर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। नगर के मुख्य बाजार स्थित राम खिलाड़ी चौराहा पर महाकाल सेवा सुरक्षा संस्थान की ओर से भव्य मंच की व्यवस्था की गई थी, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजाखेड़ा नगर के निवर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन,पवन उपाध्याय व डी.के. ठाकुर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा नेता सोनू बांकुरे, जितेंद्र सिंह एवं अरविंद उर्फ लाला गलेथा उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक ठाकुर ने की। दीपक ठाकुर ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर इस भव्य आयोजन का निरंतर संचालन करती आ रही है तथा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। शोभायात्रा के दौरान स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों ने मनमोहक धार्मिक प्रस्तुतियां दीं। बाल स्वरूप में सजे बाबा भोलेनाथ, हनुमान जी, राधा-कृष्ण, गणेश जी एवं महाकाल के गणों के दिव्य रूप ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। खाटूश्याम, मां भारती व अन्य आकर्षक झांकियों ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। पूरा नगर भक्ति और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया।कार्यक्रम के मंच का संचालन रविंद्र सिंह चौहान की ओर से किया गया। आयोजन समिति में महाकाल सेना सेवा संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष दीपक परिहार, प्रदेश सचिव पुष्पेंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश ठाकुर, अभिषेक गुप्ता, अंकुश जादौन, रवि सिंह,रोहित सिंह पंवार, सौदान सिंह, प्रमोद सिंह,दुर्गेश ठाकुर,ललित जादौन, कुलदीप राघव,लक्की ठाकुर, नीतेश शर्मा, गिर्राज, कन्हैया, रामवीर, सतेंद्र तोमर, रमाकांत सिकरवार,शिवम सिकरवार, अंशु शर्मा, हरीश, कुलदीप सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।समूचे आयोजन में नगरवासियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे वातावरण पूर्णतः श्रद्धामय एवं उल्लासपूर्ण बना रहा।हर-हर महादेव के जयकारों के साथ महाकाल शोभायात्रा का भव्य समापन हुआ।

**सरदारशहर।** तहसील क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर शहर से लेकर देहात तक के शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई हैं। शिवालय बम-बम भोले के जयकारों से गूंज रहे हैं। सुबह तड़के से ही भक्तों का मंदिरों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। दर्शन के लिए भक्तों को लंबी कतार में लगना पड़ा। भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध आदि से भगवान शिव की आराधना कर मनौतियां मांगी। शहर के सभी मंदिरो पर पर्व को लेकर खासी भीड़ है। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। रविवार को शहर के राजवाला कुंआ सहित सभी शिव मंदिरों में पूजा करने आ रहे भक्तों ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व मना रहे हैं और उत्साह के साथ मना रहे हैं। आज ऐसा नहीं है कि भगवान शिव की पूजा करने का कोई एक समय है। आज पूरे दिन भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की जाएगी और आज हम जितनी भोलेनाथ की पूजा करेंगे उतना ही फल मिलेगा। क्योंकि महाशिवरात्रि का दिन है। मान्यता है कि आज के दिन भगवान शिव और पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए आज के दिन को बहुत शुभ माना जाता है। आज के दिन भगवान शिव से मांगी गई मन्नत पूरी होती है। वंही मंदिरों के बाहर प्रसाद आदि की दुकानों पर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। महाशिवरात्रि को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। शहर से लेकर गांवों तक के शिवालयों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवालयों में बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ा रहे हैं और पूजा कर रहे हैं। महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बिजली की लाइटें व फूलों से शिवालयों को सुसज्जित किया गया है। श्रद्धालुओं में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर कई जगहों पर भजन कीर्तन अखंड कीर्तन अष्ट जाप के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**सुमेरपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कोलीवाड़ा स्थित श्रीराम गौशाला आस्था, सेवा और समर्पण का प्रमुख केंद्र बनी रही। दिनभर चले धार्मिक कार्यक्रमों और गौसेवा गतिविधियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं की उपस्थिति और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गौशाला परिसर गुंजायमान रहा। इस अवसर पर गौशाला के सलाहकार सदस्य व भामाशाह लालचंद चंदेल परिवार की ओर से गोवंश के लिए 3 क्विंटल काजू-किशमिश युक्त विशेष लापसी का महाभोग अर्पित किया गया। विधिवत गौपूजन के बाद गोवंश को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। विशेष रूप से तैयार की गई लापसी को काजू-किशमिश एवं गुलाब पुष्पों से सजाया गया, जो आकर्षण का केंद्र रही। गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के सेवा कार्यों से गोवंश के पोषण और देखभाल के प्रयासों को मजबूती मिलती है। उन्होंने चंदेल परिवार के प्रति आभार प्रकट करते हुए समाज के अन्य लोगों से भी गौसेवा में सक्रिय भागीदारी की अपील की। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में गौभक्त किशनलाल धनावत ने गौमाता को गुड़ खिलाकर सेवा का संकल्प निभाया तथा गौशाला के लिए ?21,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। गौशाला सेवा समिति ने धनावत परिवार के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे दानदाताओं के समर्थन से गौशाला के सेवा कार्यों को निरंतर बल मिलता है। महाशिवरात्रि पर आयोजित ये कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक रहे, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संस्कारों के संदेश को भी सुदृढ़ करने वाले सिद्ध हुए। गौसेवा के माध्यम से सामाजिक सहभागिता का यह उदाहरण निश्चित रूप से प्रेरणादायक है।

**सुमेरपुर।** वर्षों पुराने एवं क्षेत्र की आस्था के केंद्र शिव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व हर वर्ष की भांति इस बार भी शांतिपूर्ण एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। सदियों से निरंतर पूजा-अर्चना के साक्षी रहे इस प्राचीन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान शिव का विधिवत पूजन कर जलाभिषेक किया तथा बिलपत्र, आक एवं धतूरा अर्पित कर गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर रात्रि में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्ति गीतों और शिव स्तुति से सजी संध्या ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। आयोजन के दौरान व्यवस्थाएं सुचारु रहीं और पूरे दिन उत्सव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ

**बिजौलियां।** महाशिवरात्रि पर्व पर तीर्थ स्थल तिलस्वां महादेव में हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड में स्नान कर तिलस्वां महादेव के दर्शन किए और मेले का लुत्फ उठाया। तिलस्वां महादेव समेत कस्बे के मन्दाकिनी महादेव, उत्तमशिखरेश्वर महादेव,जागेश्वर महादेव, उण्डेश्वर महादेव, लक्ष्मीखेड़ा नागेश्वर महादेव, सीताकुंड महादेव और बनी के बालाजी स्थित नर्मदेश्वर महादेव समेत सभी शिवालयों में विशेष सजावट कर महादेव का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया।शिवालयों में अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ,रुद्री पाठ,शिव महिम्न स्तोत्र, चन्द्रशेखर स्तोत्र के पाठ और महामृत्युंजय मंत्र के जप किए गए। श्रद्धालुओं की ओर से जल,आक-धतूरा और बिल्व पत्र चढ़ा कर भोलेनाथ की पूजा की गई।विद्वान पण्डितों के सान्निध्य में रात्रि के चारों प्रहर में महादेव की विशेष पूजा और अभिषेक किए गए। साथ ही भजन संध्या के आयोजन भी किए गए।वहीं भट्टों के बामणिया श्री पंचमुखी ठाकुर जी के दरबार से पधारे गुरुदेव श्री महेंद्र जी भट्ट ने भी मंदाकिनी महादेव और उत्तमशिखरेश्वर महादेव में अभिषेक व पूजन किया। मन्दिर कमेटी ने गुरुदेव का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

**चौमूं।** चौमूं शहर के एनएच 52, सामोद पुलिया के पास स्थित श्री माँ वैष्णो देवी मंदिर में विराजमान नर्बदेश्वर महादेव के दर्शन और पूजन को लेकर आज महाशिवरात्रि के पर्व पर लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर महंत कैलाश भगत ने बताया कि महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा भोलेनाथ की विशेष झांकी सजाई गई। माता रानी का भी भव्य श्रृंगार किया गया। बाबा को पंचामृत से स्नान करवाया गया। जिन महिलाओं की नई-नई शादी हुई है और गोद भराई हुई है उन्होंने गठजोड़े के साथ जैघड चढ़ाई। साथ ही श्रद्धालुओं ने बाबा के बिल्व पत्र, फल, फूल सहित कई वस्तुएं चढ़ाकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जल्द ही मंदिर में बाबा श्याम का दसवां फागोत्सव मनाया जाएगा। इसमें छप्पन भोग की झांकी, 108 कलर्स की झांकी, 108 फलों की झांकी और 21 कलाकारों की ओर से बाबा श्याम का फाग मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी भक्त लोगों के पधारने की अपील महंत कैलाश भगत ने की।

**राजलदेसर।** तहसील क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर शहर से लेकर देहात तक के शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। शिवालय बम-बम भोले के जयकारों से गूंज रहे हैं। सुबह तड़के से ही भक्तों का मंदिरों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। दर्शन के लिए भक्तों को लंबी कतार में लगना पड़ा। भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध आदि से भगवान शिव की आराधना कर मनौतियां मांगी। शहर के सभी मंदिरो पर पर्व को लेकर खासी भीड़ है। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया। राजलदेसर सेवा फाउंडेशन की ओर भगवान शिव की बारात निकाली गई। जो उत्तरादा मुक्ति धाम भुतनाथ मन्दिर से रवाना होकर कस्बे में मुख्य मार्गों से होकर टांटिया शिवालय पहुंची।जिसमे डीजे युवक युवतियों के जमकर नाच बारात का लुप्त उठाया। टांटिया शिवालय में शिव पार्वती के विवाह की रश्म अदा की। चार प्रहर पूजा की जाएगी।

## बड़ागांव में विराट हिन्दू सम्मेलन, पंच परिवर्तन से सामाजिक समरसता का आह्वान

### मातृशक्ति ने निकाली कलश यात्रा



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं/बड़ागांव।** बड़ागांव में मातृशक्ति के नेतृत्व में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन विशाल कलश यात्रा के साथ किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज, योगी मोहनदास जी एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहन साक्षी जी का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता गेंदालाल ने पंच परिवर्तन के तहत सामाजिक समरसता, स्व का बोध, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित होकर इन संकल्पों को अपनाने का आह्वान किया। संतों ने अपने आशीर्वचनों के माध्यम से नई पीढ़ी में संस्कार एवं सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर भारतीय वेशभूषा अपनाने, जैविक खेती को बढ़ावा देने, देशी गाय पालन, संयुक्त परिवार व्यवस्था को प्रोत्साहन तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में योगदान देने वाले युवाओं का सम्मान भी किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष मूलचंद गहनोलिया एवं संरक्षक बिशन सिंह ने अतिथियों एवं संतों का सम्मान कर सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने शिव तांडव पर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं सेठ शिवदत्त राय विद्यालय द्वारा कृष्ण-अर्जुन तथा दुर्गा मंदिर समिति द्वारा राम दरबार की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। सम्मेलन में चारणवास, बड़ागांव, सैनीपुरा, हासलसर, नगली, नाटाश व शिवनाथपुरा सहित आसपास के गांवों की मातृशक्ति, युवा वर्ग व बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित रोवर शाहिद, सरदारशहर पहुंचने पर किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के रोवर शाहिद राज्य पुरस्कार से सम्मानित होकर सरदारशहर लौटने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने बताया कि हाल ही में स्काउट गाइड राज्य प्रशिक्षण केंद्र जगतपुरा जयपुर में राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार अवार्ड रैली का आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में प्रदेश के प्रत्येक जिले से राज्यपाल अवार्ड उत्तीर्ण एक-एक रोवर रेंजर स्काउट व गाइड का चयन उन्हें माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर स्थानीय संघ के सक्रिय कर्मठ सेवा के प्रति समर्पित रोवर शाहिद को उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं सेवा भावना के लिए माननीय राज्यपाल हरी भाऊ बागड़े द्वारा राज्य पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। शाहिद के लौटने पर स्थानीय संघ की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय संघ के कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र शर्मा, संयुक्त सचिव अरुणा शर्मा, ट्रेनिंग काउंसलर सरोज पारीक, इंदुबाला वर्मा, संपत रैगर, शशि शर्मा, गोविंद प्रसाद गौड़, विनोद कुमार मीणा, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष भरत गौड़, अमित शर्मा, युवा शक्तिमंच के अध्यक्ष अभिषेक पारीक, शम्भुदयाल पारीक, स्काउटर देवेश जोशी, रवि रैगर, सोयल सब्जीफरोश आदि ने मामला पहनाकर व मिठाई खिलाकर रोवर शाहिद का सम्मान किया गया।

## भूतनाथ मंदिर में चोरी, सीसीटीवी में नजर आया संदिग्ध युवक

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय भोजलाई बास स्थित भूतनाथ मंदिर में शिवरात्रि की रात को चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। रात्रि करीब 1 बजकर 23 बजे एक चोर सीसीटीवी में नजर आ रहा है। अंतिम विश्राम समिति के मंत्री शिव भगवान चौहान ने बताया कि चोर ने मंदिर का ताला तोड़ा, अलमारी तोड़ी और एक सीसीटीवी भी तोड़ कर ले गया। फिलहाल मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई और पुलिस मामले की जांच कर रही है। मंदिर पुजारी बाबूलाल ने बताया को शनिवार की शाम को रोज की तरह मंदिर पर ताले लगाकर घर गए थे, सुबह आया, तो ताला टूटा हुआ मिला। जिस पर चोरी का पता चला और समिति के लोगों को मैने सूचना दी। वहीं भाजपा कमल दाधीच, भीकमचंद पारीक, दीनदयाल पारीक आदि भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। वहीं सीसीटीवी में नजर आ रहा व्यक्ति युवक है।

## अभिभाषक संघ का स्थापना दिवस मनाया

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ का 46वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एडीजे महेन्द्र प्रताप भाटी, संघ अध्यक्ष एड. सुरजमल यादव ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान न्यायिक कर्मचारी प्रेम किशोर चौहान व उनके साथियों ने सुमधुर सांगीतिक प्रस्तुतियां दी। एसीजेएम विकास गजराज भी मौजूद रहे। एड. प्रदीप कठातला, बनवारीलाल बिजारणिया, मो. दयान, मो. सलीम खान मोयल, श्याम सुन्दर खंडेलवाल, राकेश जांगीड़, अक्षय शर्मा, दशरथ सिंह, विमल गोदारा, रमजान मणिहार, रितिका सैनी ने भी सांगीतिक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर भामाशाह प्रेमसुख सैनी ने अपने पिता मानसिंह की पुण्य स्मृति में एक माइक सेट अभिभाषक संघ को प्रदान किया। इस पर संघ अध्यक्ष एड. सूरजमल यादव, एड. निरंजन सोनी तथा अतिथियों ने शॉल, साफा वंद्य पुष्पहार पहना कर भामाशाह प्रेमसुख सैनी का सम्मान किया। इस अवसर पर युवा अधिवक्ताओं द्वारा चंग पर नृत्य भी किया गया।

# जाति-पाति के बंधन टूटेंगे तो समरसता से हिंदू जुड़ेंगे: सोनगरा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव कल्याणपुरा गांव में आयोजित भव्य धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भगवामय बना दिया। गांव में निकाली गई विशाल कलश यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के इस अद्भुत संगम ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुभाष सोनगरा ने अपने ओजस्वी व विचारोत्तेजक बौद्धिक में पंच परिवर्तन की अवधारणा को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है और इसी क्रम में पंच परिवर्तन हिंदू जीवन पद्धति, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं नागरिक शिष्टाचार समाज परिवर्तन के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू जीवन पद्धति केवल आस्था नहीं बल्कि एक वैज्ञानिक एवं संस्कारित जीवन जीने का मार्ग है जो व्यक्ति को अनुशासन, संयम और कर्तव्यबोध से जोड़ता है। सामाजिक समरसता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि जाति पाति के बंधन टूटेंगे तभी समरसता के भाव से हिंदू समाज एक होगा। समाज में भेदभाव समाप्त कर सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही सशक्त राष्ट्र की पहचान है। कुटुंब प्रबोधन के संदर्भ में उन्होंने परिवार संस्था को भारतीय संस्कृति की मूल इकाई बताते हुए परिवारों में संस्कार, संवाद और एकता बनाए रखने का आह्वान किया। पर्यावरण संरक्षण को उन्होंने वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीने पर जोर दिया। स्वदेशी के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को अपनाना न केवल आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ाता है। बल्कि राष्ट्र को मजबूत बनाता है। साथ ही नागरिक शिष्टाचार के माध्यम से उन्होंने अनुशासित, जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि यदि समाज इन मूल्यों को जीवन में उतार लेता है तो भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर हो सकता है। संत सानिध्य के रूप में उपस्थित साध्वी राधा सर्वेश्वरी जी ने अपने ओजस्वी विचारों से उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए हिंदू धर्म की रक्षा और उसके मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने समाज में जागरूकता और एकता की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों और बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। साथ ही प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। जिससे शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, संतजनों एवं सहयोगी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में डाल चंद, संतोष सिंह, दयाल सिंह, रणवीर सिंह, बदरी सिंह, सुधीर सिंह, कालुराम नायक, जगदीश नायक, नानू सिंह लक्ष्मण झोरड़, गोगराज नायक, सीता राम सुथार सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा। बल्कि सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के संदेश को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत करने में सफल रहा। कार्यक्रम का संचालन श्याम राजपुरोहित एवं अंकिता सुथार ने किया।

## 10 दिवसीय अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का विधायक सहारण ने किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** आयुर्वेद विभाग चूरू की ओर से 11 फरवरी से शुरू हुए शिविर में आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार व अन्य गतिविधियां सुचारू रूप से जारी है। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग चूरू के डॉक्टर सत्यवीर सहारण ने बताया कि रविवार को विधायक हरलाल सहारण ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में भर्ती मरीजों को विधायक हरलाल सहारण ने फल वितरित किए। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से हर जिले में उक्त शिविर लगाए जा रहे हैं जिसमें हजारों लोग आयुर्वेद पद्धति से अपना उपचार करवाकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे। यह शिविर आम आदमी को राहत देने वाला शिविर है। ज्यादा से ज्यादा लोगो को इस शिविर का लाभ मिले इसके लिए सरकार प्रयासरत है। आयुर्वेद विभाग बीकानेर के अतिरिक्त निदेशक डॉक्टर राधेश्याम सकरवाल ने शिविर का अवलोकन कर शिविर की गतिविधियों की सराहना की और कहा कि शिविर में चलने वाली गतिविधियों का आमजन ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं यही आयुर्वेद विभाग का प्रयास है। शिविर के प्रभारी डॉक्टर मनीराम शर्मा ने बताया कि 5 दिन से चल रहे शिविर में लगभग 700 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श का लाभ उठाया है। शिविर के सह प्रभारी डॉक्टर ओमप्रकाश चोयल ने बताया कि शिविर में पंचकर्म पद्धति से 300 रोगियों को लाभान्वित किया गया। डॉ रामकृष्ण शर्मा ने बताया कि शल्य चिकित्सा शिविर में अब तक 65 रोगियों को चिन्हित कर आवश्यक उपचार किया गया। प्रातः 7:30 बजे से 8:30 बजे तक नियमित योगाभ्यास करवाया जाता है। शिविर में भाजपा के तहसील अध्यक्ष रजत शर्मा, चूरू मंडल मंत्री श्रीराम पीपलवा, मनोज गढ़वाल, रघुनाथ खेमका, सहायक प्रशासनिक अधिकारी योगेन्द्र शर्मा , डॉक्टर प्रतिभा ढ़ाका, ओमप्रकाश सैनी सहित अनेक चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान संघ ने निकाली किसान जागृति यात्रा

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र में भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में हर खेत को नहर का पानी, हर खेत को रास्ता अभियान सहित कुल आठ मांगों को लेकर चलने वाली किसान जागृति यात्रा भानीपुरा तहसील की ग्राम पंचायत रोलासर, तोलासर, दल्लुसर, सावर, राणासर जैतासर, रायपुरा, रातुसर, नीमरासर, मेहरासर उपाधियांन पहुंची। इस यात्रा मे यात्रा प्रभारी एवं सम्भाग सह मन्त्री शंकरलाल महर्षि, सम्भाग युवा प्रमुख राम विलास कांधरान, जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा, तहसील अध्यक्ष शैतान गुर्जर, तहसील उपाध्यक्ष फुलाराम डूडी, तहसील मन्त्री रामलाल पुरोहित, तहसील गौ सेवा प्रमुख रेवन्त नाथ सिद्ध, भैरा राम कडवासरा, रथ के सारथी सोनु आदि यात्रा में शामिल हुए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा ने कहा कि किसान की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत सिंचाई का पानी हैं अतः जब तक हर खेत को नहर के पानी की व्यवस्था सरकार नही करेगी व अधूरी पड़ी साहवा लिफ्ट कैनाल के सरदारशहर तहसील के वंचित गांवों को सरकार तुरन्त जोड़कर इसका निर्माण शीघ्र पूर्ण करवाया जाए। शंकरलाल महर्षि ने बताया किसानों के खेतों मे जाने के लिये बनाया गये कानून से किसानों को कोई लाभ नही मिल रहा हैं। अतः सरकार को इस कानून में बदलाव कर एक महीनें में किसानों को रास्ता मिले इसका प्रावधान करें। यात्रा ग्राम पंचायतों मे पहुंचने पर तहसील अध्यक्ष द्वारा ग्राम इकाइयों का गठन किया गया। यात्रा का ग्रामीणों की ओर से शानदार स्वागत किया गया। 17 फरवरी को तहसील मुख्यालय भानीपुरा पर प्रदर्शन कर किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन दिए जाएंगे।

## श्याम मंदिर के 51वें स्थापना दिवस पर निकली भव्य शोभा यात्रा

### नृत्य नाटिका रही सभी के आकर्षण का केन्द्र

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर के 51वें स्थापना महोत्सव को लेकर श्री श्याम मित्र मंडल आयोजन समिति की ओर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बाबा श्री श्याम के दरबार को गुलाब मोगरा रंग-बिरंगे फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी संतोष भुढाढरा ने बताया कि आज शिवरात्रि के पावन पर मंदिर की स्थापना हुई थी मंदिर की स्थापना को 51 वर्ष पूर्ण हो गया है। मंदिर से लगातार हर वर्ष श्री श्याम प्रभु की निशान यात्रा, श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ, सुंदरकांड पाठ, श्याम कीर्तन हवन आदि चार दिवसीय आयोजन होता है पुजारी ने बताया कि शिवरात्रि पर्व होने के कारण मंदिर में सुबह से ही भगवान शंकर की पूजा अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं की लंबी कतारे लगी। मंदिर के पुजारी संतोष भुढ़ाढ़रा ने श्याम बाबा की ज्योत लेकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभा यात्रा में श्याम रथ पर श्री श्याम प्रभु, 51 निशान, भजन मंडली, डीजे, रंग बिरंगे परिहान के साथ फाल्गुन धमाल पर श्रद्धालु झूम उठे। शोभा यात्रा का शहर में जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं व श्याम भक्तों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया शहर में अनेक स्थानों पर जल व्यवस्था की गई शोभायात्रा में सिरसा हरियाणा के चंद्र वर्मा के सानिध्य में राधा कृष्ण झांकी, नरसिंह अवतार, भगवान शंकर व काली माता, रामलला हनुमान की संजीव झांकियां सभी के आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से समाजसेवी ओम प्रकाश लखोटिया, सुरेश कुमार लखोटिया, दलीप पोद्दार, विनोद कुमार डीडवानीया, अनुज गोयल, पंकज डीडवानीया, अनूप डीडवानीया, सुरजीत शर्मा व पाठ के वाचक आशीष शर्मा आशु, हिमांशु शर्मा व संगीतकारों का साफा श्याम दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। आयोजन समिति के कैलाशचंद्र नवहाल ने मंदिर के चार दिवसीय आयोजन सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग के लिए वह पुलिस प्रशासन का शांति व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया।

## शेखावाटी तक यमुना का पानी लाने का काम जल्द शुरू

### पूर्व मंत्री राठौड़ ने बजट को बताया ऐतिहासिक

जयपुर टाइम्स





**चूरू(निस)।** पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने रविवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि पिछली सरकार के बजट की तुलना में इस बजट का आकार लगभग 42 प्रतिशत बढ़ गया है। उन्होंनें कहा कि भाजपा सरकार राजस्थान को आर्थिक दृष्टि से संपन्न प्रदेश बनाना चाहती है। उन्होंने शेखावाटी क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 660 से अधिक हवेलियों को चिह्नित कर 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किए जाने की जानकारी दी। राठौड़ ने यह भी बताया कि शेखावाटी क्षेत्र तक हथिनी कुंड से यमुना का पानी लाने वाली परियोजना का काम जल्द शुरू होगा। इसके अलावा चूरू में एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए 130 करोड़ रुपए की घोषणा की गई है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बजट से यह सिद्ध होता है कि डबल इंजन की सरकार देश और प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और राजेंद्र राठौड़ का आभार व्यक्त किया, क्योंकि इस बजट से चूरू को भी कई लाभ मिले हैं। सहारण ने विशेष रूप से चूरू में झींगा मछली पालकों को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने और चूरू कारागृह में आधुनिक मुलाकात कक्षों के निर्माण की घोषणा का उल्लेख किया। भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने भी इस बजट को ऐतिहासिक बताया। जिले को मिली विभिन्न विकास योजनाओं के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और विधायक हरलाल सहारण का माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, जिला मंत्री सत्तार खान, जिला प्रवक्ता सुशील लाटा, मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, धर्मेंद्र राकसिया, हेमसिंह शेखावत, सुरेश मिश्रा, नीरज जांगिड़, राजीव शर्मा, गोपाल बालाण, रवि दाधिच, जयपाल सिंह टकणेत, नरेंद्र कंवल, कमल सैनी, कपिल रक्षक और रजत शर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तीसरे दिन भी बाजारों की सड़कों पर भरा रहा गंदा, नाले अवरुद्ध होने से जल निकासी ठप

### व्यापारियों ने किया नगरपरिषद के खिलाफ प्रदर्शन


जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के सब्जी मंडी, बोडिया कुआं व शिव मार्केट क्षेत्र में तीसरे दिन भी गंदे पानी की निकासी नहीं होने से नाराज व्यापारियों ने नगरपरिषद व स्थानीय जन प्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। सड़कों पर गंदा पानी भरे रहने से आमजन व दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सब्जी मंडी में एक एक फुट पानी भरा हुआ है। जिसके कारण उतर दिशा में जाने आने के मार्ग बंद हो रहे हैं। इस दिशा में शहर के अनेक वार्डों में जाने का मुख्य मार्ग है। वहीं छोटे बच्चों की स्कूलों एवं गेस्ट हाउस होने के कारण विवाह शादियों में आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सब्जी मंडी के सब्जी विक्रेता और अन्य व्यापारियों का कहना है कि ये समस्या गत तीन वर्षों से चली आ रही है। जब जब व्यापारी आन्दोलन करते हैं तब कुछ समय के लिए नगरपरिषद की ओर से पानी की निकासी कर दी जाती है। लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नही किया जा रहा है। शिव मार्केट अध्यक्ष रवि नाथोलिया ने कहा कि बिना बरसात के बाजारों में गंदा पानी जमा है। जिससे ग्राहक नहीं आ रहे और व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी फोन कॉल तक रिसीव नहीं कर रहे हैं। व्यापारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो घंटाघर के नीचे जाम लगाकर आंदोलन किया जाएगा। अशोक पारीक ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से त्योहारों व शादी सीजन के दौरान यह समस्या बार-बार उत्पन्न हो रही है। लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा हैं। जबकि यह समस्या मुख्य गिनाणी में जल भराव होने के कारण यह स्थिति बाजारों में बन जाती हैं। जिससे गिनाणी तक ड्रेनेज का पानी नही पहुंच पा रहा है। इस समस्या का स्थाई समाधान गिनाणी की सफाई और खुदाई करने से ही संभव है। प्रदर्शन की सूचना पर निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नगरपरिषद की टीम नालों की सफाई में जुटी है तथा अवरोध हटाने के लिए चूरू से अतिरिक्त टीम बुलाई गई है। उन्होंने अगले दो दिन में समस्या समाधान का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में रवि नाथोलिया, विजयपाल सारण, राम भाटी, रेखाराम हरितवाल, किशन लाल चौधरी, पवन व्यास, दिनेश पुनियां, विशाल सोनी, श्रीचंद पारीक, उत्तम पारीक, मुकेश हरितवाल सहित बड़ी संख्या में दुकानदार उपस्थित रहे।

## विद्यालय में टेबल भेंट करने पर किया युवाओं का स्वागत

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आदर्श युवा ग्रुप सारोठिया- एक नई सोच का नाम है। ग्रुप ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारोठिया में प्रधानाचार्य कक्ष के लिए लगभग 31,000 हजार रुपए की लागत की एक बड़ी टेबल एवं दरी भेंट की है। गांव के युवाओं का यह ग्रुप पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, गौ सेवा और सामाजिक कार्यों में सदैव तत्पर रहता है। इससे पहले भी ग्रुप ने विद्यालय में 16 कैमरे लगवाए थे। प्रधानाचार्य पप्पू राम मीना ने ग्रुप के सभी सदस्यों को विद्यालय के नाम का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर लक्ष्मण राम व्याख्याता, रामलाल व्याख्याता, मूलाराम, पूसाराम, सतपाल मीना, कमलेश मीना, हरजीराम मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

## राजस्थान को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने वाला बजट: निमिषा गौड

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला भाजपा कार्यालय धौलपुर पर राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता निमिषा गौड़ ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, पूर्व विधायक बाड़ी गिर्राज सिंह मलिंगा, पूर्व विधायक बसेड़ी सुखराम कोली, धौलपुर विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा व भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना भारत में उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता निमिषा गौड ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान को सशक्त बनाने वाला बजट पेश किया है। भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच एवं राजस्थान को विश्व पटल पर प्रस्तुत करने वाला बजट पेश किया है।



यह बजट राजस्थान को सतत एवं समग्र विकास को प्रस्तुत करेगा, उन्होंने बताया कि पिछली सरकार की तुलना में राजस्थान की अर्थव्यवस्था का आकार 41.39' बढा है, प्रतियोगी परीक्षाओं को बेहतर बनाने के लिए राजस्थान में राजस्थान टेस्टिंग एजेंसी की घोषणा की है। पहली बार राजस्थान में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 2 हजार हो रही हैं, 5 वर्ष में चार लाख युवाओं को रोजगार देने का संकल्प पूरा हो रहा है। एक लाख युवाओं को नौकरी की घोषणा हो चुकी है, हर घर नल योजना के तहत 6500 गांव को इस योजना से जोड़ा जाएगा। कृषि चिकित्सा एवं आंतरिक संरचना के लिए बजट बढ़कर पेश किया है। सभी संभाग मुख्यालय को सिग्नल फ्री किया जाएगा, गत वर्ष के बजट की घोषणाओं का 93' काम पूरा हो चुका है, कर्मचारी के कल्याण के लिए वेतन वृद्धि के लिए अनुशंसा की गई है। धौलपुर में मिनी सचिवालय निर्माण कराया जाएगा, महिला पुनर्वास केंद्र की स्थापना होगी, धौलपुर की बाड़ी विधानसभा बिजली में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित होगा। धौलपुर में खेल मैदान मुख्यालय पर बनाया जाएगा, रामसागर पर अपस्ट्रीम स्लिपवे गेट लगाने के लिए 933 करोड रुपए के बजट की घोषणा की गई है जिससे 15000 आबादी वाले गांव को लाभ होगा। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत व पूर्व विधायक बाड़ी गिर्राज सिंह मलिंगा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। पूर्व विधायक सुखराम कोली ने बजट राजस्थान को मजबूत करने वाला व आम जनता के हित का बताया। धौलपुर विधानसभा प्रत्याशी शिवचरण कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा प्रस्तुत बजट मे पूरे राजस्थान का समग्र ध्यान रखा गया है राजस्थान को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने वाला बजट है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला मंत्री विजय त्यागी, पंचायत समिति सदस्य दीपू कुशवाहा, बचाराम बघेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, डॉ मनोज शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी ऋतिक वर्मा, सह प्रभारी लोकेंद्र चौहान, राजा भैया, मजन सिंह जादौन, प्रदीप सिसोदिया, कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, अनमोल बंसल, मनीष तोमर, फैजल खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेट्रोल के पैसे मांगने पर सेल्समैन से मारपीट, घटना सीसीटीवी में कैद

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** थाना क्षेत्र स्थित पारस नाथ फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल भरवाने के बाद भुगतान मांगने पर दो सेल्समैन के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना पेट्रोल पंप परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाहन सवार कुछ लोग पेट्रोल भरवाने के बाद बिना भुगतान किए जाने लगे। जब ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने उनसे पेट्रोल के पैसे मांगे तो आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों सेल्समैन के साथ हाथापाई की गई, जिससे पंप परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मनियां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित कर्मचारियों की ओर से थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद पेट्रोल पंप कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है तथा उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।



## ओंकार लाल बने सामूहिक विवाह सम्मेलन कमेटी के अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** ऊपरमाल आदर्श धाकड़ समाज के 27 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकंडरी स्कुल प्रांगण में बैठक का आयोजन समाज अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़ की अध्यक्षता में किया गया। पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैयालाल धाकड़ को आजीवन संरक्षक और धाकड़ महासभा की प्रदेश अध्यक्ष व विवेक सुषमा धाकड़ चेरेटीबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ को संयोजक और सर्वसम्मति से ओंकार लाल धाकड़ को सामूहिक विवाह सम्मेलन कमेटी का अध्यक्ष, राधेश्याम धाकड़ थड़ौदा को सचिव तथा एडवोकेट रामफूल लक्ष्मी खेड़ा, एडवोकेट लोकेश धाकड़ थड़ौदा को सर्वसम्मति से सह सचिव नियुक्त किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों का समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## गायत्री प्रज्ञापीठ के जीर्णोद्धार की समीक्षा को लेकर बैठक

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** शहर की राधा बाग कॉलोनी में स्थित गायत्री विद्यापीठ संस्थान पर गायत्री परिवार ट्रस्ट चौमूं के कार्यकारिणी ट्रस्टी सदस्यों की ओर से बैठक का आयोजन आयोजन किया गया। रविवार्य गायत्री यज्ञ के पश्चात गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। प्रज्ञा पीठ परिसर में हो रहे भवन निर्माण की समीक्षा के लिए विशेष चर्चा की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष विनेश कुमार अग्रवाल ने भवन निर्माण के आगे की रूपरेखा प्रकट की। ट्रस्ट सचिव ने राजकुमार शर्मा ने अब तक हुए भवन निर्माण का हिसाब किताब सदस्यों के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द ही एक सांस्कृतिक केंद्र बनने जा रहा है जिसमें आगे चलकर भारतीय संस्कृति से जुड़ी सभी कार्यक्रम एवं गतिविधियों का केंद्र बनेगा। जिसका उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार प्रसार रहेगा। साथ ही उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह बीजावत ने बताया कि जीर्णोधार के कार्य में किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग ही नही अपितु हर एक धर्मप्रेमी व सज्जन का सहयोग और अनुदान होना चाहिए ताकि सभी की भावनाएं जुड़ सकें। जो भी परिजन इस पावन कार्य में



अपना अनुदान देना चाहता है तो उस भामाशाह का स्वागत है। साथ ही गोष्टी में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई । बता दे कि वर्तमान में जीर्णोधार का कार्य प्रगति पर है। बैठक के दौरान रामधन टाक, सावरमल अग्रवाल, दिनेश खेमावाला, रामबाबू सैन, उमराव यादव, कालूराम कटारिया, सुरेश विजय, रामवतार महाजन, हरीश कुमावत, मदनलाल विजय, सोहनलाल कुमावत, परिव्राजक दयाराम राजपाल, रमेश राजपाल सहित आदि परिजन उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर अखिल भारतीय घोष दिवस: गूंजा राष्ट्रभक्ति का घोष

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अखिल भारतीय घोष दिवस के तहत जयपुर महानगर के महामना मालवीय जिले की ओर से भव्य घोष वादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मालवीय नगर सेक्टर-3 स्थित आदर्श विद्या मंदिर से हुई, जो अनुशासित संचलन के साथ जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाग संचालक राममोहन गर्ग एवं बुद्धि प्रकाश का उद्बोधन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों व नागरिकों की उपस्थिति रही। घोष वादन की सुमधुर स्वर-लहरियों से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान हो उठा।

बुद्धि प्रकाश ने कहा कि देशभर में अनेक स्थानों पर अखिल भारतीय घोष दिवस के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि घोष की परंपरा प्रांगणीय संगीत की वह विधा है, जो मैदान में सामूहिक रूप से प्रस्तुत की जाती है। शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका संगठन अपने शारीरिक कार्यक्रमों के साथ संगीत साधना पर भी विशेष ध्यान देता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान विश्वनाथ के डमरू की स्मृति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संगीत और साधना भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग है।

## महाराजा सूरजमल जयंती हर्षोल्लास से मनाई



जयपुर टाइम्स

**जयपुर/हरदा(निस)।** महाराजा सूरजमल की जन्म जयंती के अवसर पर 13 फरवरी को राष्ट्रीय जाट महासभा (भारत) जिला हरदा के तत्वावधान में इंदौर रोड स्थित महाराजा सूरजमल चौक पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान उपस्थित समाजजनों ने 'महाराजा सूरजमल अमर रहे' के नारों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में हरनारायण जाट माली ने महाराजा सूरजमल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम से समाज को अवगत कराया। इस अवसर पर समाजजनों ने जोगा किले का नामकरण राजा होशंगशाह के स्थान पर राजा जोगा किए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया तथा निर्णय लिया कि प्रथम चरण में इस संबंध में कलेक्टर को समाज की ओर से आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरनारायण जाट माली, सुनील पटेल ठोलिया (जिला अध्यक्ष, हरदा), कमल मुहाल (जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय जाट महासभा), संतोष जाणी, राजू कमेडिया, महेश ठोलिया, राजू रिणवा, रामनिवास पचार, नारायण ठुसिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## अभियान के तहत नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्ती, 9 ड्राइवर गिरफ्तार, वाहन सीज

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** शहर में चलाए जा रहे विशेष ट्रैफिक अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। ट्रैफिक पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी कर जांच अभियान चलाया, जिसमें नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए 9 ड्राइवरों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत गिरफ्तार किया गया तथा उनके वाहनों को सीज किया गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर राधेश्याम सांखला ने बताया कि एक निजी ट्रैवलिंग बस समेत 2 बस के चालक भी शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

## पुष्कर में रजत जयंती समारोह व महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष देवनानी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को पवित्र तीर्थ नगरी पुष्कर में राष्ट्र संत श्री गोविंद देव गिरी एवं निम्बार्क पीठ के पीठाधीश्वर श्री श्रीजी के सान्निध्य में आयोजित श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ आश्रम के रजत जयंती समारोह 2026 तथा महाशिवरात्रि महोत्सव में सहभागिता कर संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि वेद, उपनिषद एवं सनातन संस्कृति की परंपरा भारतीय सभ्यता की आत्मा है। वेद विद्यापीठ जैसे संस्थान वैदिक शिक्षा के संरक्षण के साथ-साथ नई पीढ़ी को संस्कार, आध्यात्मिक चेतना एवं राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं का सान्निध्य समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कन्फर्म करता है तथा राष्ट्र निर्माण में आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष महत्व है। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेश एवं देशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार व सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संतगण व नागरिक उपस्थित रहे।



## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर पायलट का सवाल: ऊर्जा-सुरक्षा, किसान और छोटे व्यापारियों के हितों से समझौता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भारत-अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि इसके दूरगामी परिणाम देश के किसानों, छोटे व मध्यम व्यापारियों तथा युवाओं के लिए अहितकारी साबित हो सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित महिला कांग्रेस की बैठक में शामिल होने से पूर्व मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस डील से विशेष रूप से कपास व सोयाबीन उत्पादक किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने छोटे व्यापारियों, युवाओं व दुग्ध उत्पादकों के भविष्य को दांव पर लगा दिया है। पायलट ने कहा कि



यूरोपीय संघ के साथ भारत का व्यापारिक समझौता संतुलित था, जबकि अमेरिका के साथ हो रहा समझौता दबाव की स्थिति में प्रतीत होता है। पायलट ने बताया कि अमेरिका की ओर से भारत पर पूर्व में 3 से 5 प्रतिशत टैरिफ को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक किया गया था और अब इसे 18 प्रतिशत करने को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 500 अरब डॉलर के इस व्यापारिक समझौते में क्या खरीदा जाएगा और किस दर पर खरीदा जाएगा, यह स्पष्ट नहीं है। उन्होंने देश की ऊर्जा-सुरक्षा पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह पहली बार है जब भारत की ऊर्जा नीति को प्रभावित करने वाला समझौता सामने आया है। उन्होंने कहा कि किसी अन्य देश की ओर से भारत को यह निर्देश देना कि तेल कहां से खरीदा जाए, ऊर्जा-सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर सरकार की स्थिति भी स्पष्ट नहीं है। पायलट ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा संसद के भीतर और बाहर लगातार इन मुद्दों को उठाया जा रहा है, लेकिन सरकार के पास स्पष्ट जवाब नहीं है। उन्होंने जनता से इस विषय पर जागरूक व सचेत रहने की अपील की।

एस.एस.एम. इन्स्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद नर्सिंग
(चंगोई रोड़ तारानगर चूरु 331304)
Email : mkmahala1975 @gmail.com दूरभाष – 80-79047276

क्रमांकः– 51 कॉलेज कोड–106 दिनांकः– 15/02/2026

विज्ञप्ति

डिप्लोमा इन आयुष नर्सिंग एण्ड फार्मेसी (D.A.N. & P.) सत्र् 2025-26 में काउंसलिग पश्चात् रिक्त रही सीटो पर आवेदन की सूचना

संस्थान द्वारा संचालित डिप्लोमा इन आयुष नर्सिंग एण्ड फार्मेसी प्रशिक्षण केन्द्र हेतु रिक्त रही सीटों पर इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 16.02.2026 से आवेदन पत्र लेकर कार्यालय समय 10:00 बजे से 02:00 बजे के मध्य निर्धारित दस्तावेज सहित जमा करवा सकते है। R.A.N.C.जयपुर के पत्र क्रमांक 309 दिनांक 02.02.2026 के क्रम में संस्थान स्तर पर काउंसलिग दिनांक 26.02.2026 को प्रातः 08:00 बजे से R.A.N.C. द्वारा नामित प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जायेगी! विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालय के दुरभाष नं.9783750523,पर सम्पर्क करें

निदेशक

### नाम परिवर्तन

मैं रुक्मणी पत्नी स्वर्गीय श्री सांवरमल जांगिड़ निवासी मंग्लूना सीकर राजस्थान सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरे पति का मेरे समस्त दस्तावेजों में सही नाम सांवर मल जांगिड़ है किंतु मेरे पुत्र बसंत कुमार जांगिड़ के शैक्षणिक दस्तावेजों में भूल वंश मेरे पति का नाम सांवर मल अंकित हो गया है जो कि गलत है ।मेरे पति का स्वर्गवास हो चुका है ।मेरे पुत्र बसंत कुमार जांगिड़ के सभी दस्तावेजों में मेरे पति का नाम सांवर मल जांगिड़ अंकित करवाना चाहती हूं । अतः भविष्य में मेरे पुत्र बसंत कुमार जांगिड़ के सभी दस्तावेजों में पिता का नाम सांवरमल जांगिड़ के नाम से ही जन एवं पहचाना जाए।

### नाम परिवर्तन

मैं बसंत कुमार जांगिड़ पुत्र स्वर्गीय श्री सांवरमल जांगिड़ निवासी मंग्लूना सीकर राजस्थान सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे सभी सरकारी दस्तावेजों में मेरा सही नाम बसंत कुमार जांगिड़ है लेकिन भूल वंश मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम बसंत कुमार अंकित हो गया है। मैं मेरा नाम बसंत कुमार जांगिड़ ही रखना चाहता हूं अतः भविष्य में मुझे बसंत कुमार जांगिड़ के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

### नाम परिवर्तन

मैं रुक्मणी पत्नी स्वर्गीय श्री सांवरमल जांगिड़ निवासी मंग्लूना सीकर राजस्थान सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरे पति का मेरे समस्त दस्तावेजों में सही नाम सांवर मल जांगिड़ है किंतु मेरे पुत्र विमल कुमार जांगिड़ के शैक्षणिक दस्तावेजों में भूल वंश मेरे पति का नाम सांवर मल अंकित हो गया है जो कि गलत है ।मेरे पति का स्वर्गवास हो चुका है ।मेरे पुत्र के सभी दस्तावेजों में मेरे पति का नाम सांवर मल जांगिड़ अंकित करवाना चाहती हूं ।अतः भविष्य में मेरे पुत्र विमल कुमार जांगिड़ के सभी दस्तावेजों में पिता का नाम सांवरमल जांगिड़ के नाम से ही जन एवं पहचाना जाए

### नाम परिवर्तन

में विमल कुमार जांगिड़ पुत्र श्री सांवरमल जांगिड़ निवासी मंग्लूना सीकर राजस्थान सर्व साधन को सूचित करता हूं कि मेरे सभी सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम विमल कुमार जांगिड़ है जो की सही है लेकिन गलती से मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम विमल कुमार अंकित हो गया है। जिसका प्रकाशन राजस्थान राजपत्र भाग 7 में करवाया करवाया जा चुका है। अतः मेरे को भविष्य में विमल कुमार जांगिड़ के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

## स्पोर्ट्स वीक क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दिखाया खिलाड़ियों ने दमखम, यादव मेन ऑफ द सीरीज

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अभिभाषक संघ धौलपुर की ओर से आयोजित स्पोर्ट्स वीक के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला व सत्र न्यायाधीश संजीव मागो रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि मैच में दोनों ही टीमों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया। जो खिलाड़ी खेले हैं वहीं जीते हैं। धौलपुर अभिभाषक संघ धन्यवाद की पात्र है जिन्होंने बार बेंच के लिए इतना महत्वपूर्ण आयोजन रखा। आयोजन बहुत ही रोचक रहा। बार बेंच के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई और आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने दोनों ही टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर जिला व सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार गोयल ने कहा कि धौलपुर के अधिवक्ताओं की ओर



से सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महिला, पुरुष अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारी व कर्मचारियों ने अपनी भागीदारी निभाई। आयोजन काफी सफल रहा है और इस प्रकार के आयोजन प्रतिवर्ष होते रहने चाहिए। इस अवसर पर धौलपुर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने कहा कि आयोजन को सफल बनाने में अभिभाषक संघ की पूरी कार्यकारिणी के साथ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने पूर्ण सहयोग दिया है और समय-समय पर आयोजन के दौरान जो मार्गदर्शन दिया उसके लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। हमारा प्रयास है कि हम अधिवक्ताओं के हितार्थ कार्य करें। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता हमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते रहे। इस प्रकार के आयोजन अभिभाषक संघ धौलपुर की ओर से कराए जाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल कुमार भार्गव, हरिशंकर मुदगल, रविंद्र मोदी, बृजेंद्र रावत, कोर्ट मेनेजर बृजेश शर्मा व मुंसिफ राजीव शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। अंत में धौलपुर अभिभाषक संघ महासचिव अरविंद सिंह गुर्जर ने सभी न्यायिक अधिकारी कर्मचारी अधिवक्ताओं का धौलपुर अभिभाषक संघ की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में अधिवक्ताओं के परामर्श अनुसार इस प्रकार के और भी बेहतरीन आयोजन कराए जाएंगे। मंच का संचालन रंजीत दिवाकर एडवोकेट द्वारा किया गया। क्रिकेट मुकाबले में बेंच ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 124 रन बनाए। बेंच की ओर से अभय ने 31 बॉल में 64 रन और सचिन ने 22 बॉल में 40 रन की शानदार पारी खेल कर अपनी टीम के लिए विशाल स्कोर खड़ा किया। बार की टीम लक्ष्य का पीछे करने उतरी और निर्धारित 10 ओवर में 83 रन ही बना सकी। बार की ओर से आसिफ उस्मानी ने सर्वाधिक 14 रन की पारी खेली। बेंच की ओर से पियूष व शांतनु ने तीन-तीन विकेट झटके। दौड़ प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में 100 मीटर में नंदकिशोर कुशवाहा विजेता व पीयूष तिवारी उपविजेता रहे। 200 मीटर में नंदकिशोर कुशवाहा विजेता व पीयूष तिवारी उपविजेता रहे। बैडमिंटन एकल वर्ग में अनुपम बघेल विजेता व मोहित शर्मा उपविजेता रहे। डबल्स बैडमिंटन अनुपम बघेल - अनिल शर्मा विजेता व मोहित शर्मा - हरिओम उपविजेता रहे । प्रतियोगिता के निर्णायक रवि मोहन त्रिवेदी, विमल शर्मा, मोहम्मद जाकिर हुसैन, सौरभ गुर्जर, पूजा नरसल, शांति व गौरव वर्मा रहे। इस अवसर पर सुबोध शर्मा, इरशाद खान, संजय जगरिया , गौरव शर्मा , मुकेश भट्ट, रिजवान अहमद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संभागीय आयुक्त के आदेश पर विवादित 12 बीघा भूमि कुर्क, पुलिस ने लगाया रिसीवरी बोर्ड




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** सरदारशहर रोड स्थित करणपुरा गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित विवादित 12 बीघा भूमि को न्यायालय संभागीय आयुक्त के आदेश पर तारानगर पुलिस की ओर से कुर्क कर लिया गया है। खसरा नंबर 875/423 व 874/423 की उक्त भूमि को न्यायालय की ओर से विवादित मानते हुए रिसीवर नियुक्त करने के निर्देश जारी किए गए थे। आदेशों की पालना में पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर भूमि को कुर्क करते हुए रिसीवरी बोर्ड लगा दिया है। साथ ही तारानगर थानाधिकारी को उक्त भूमि का प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि कुर्क की गई भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अथवा दखलअंदाजी नहीं की जाए। आदेशों की अवहेलना कर भूमि में प्रवेश करना दंडनीय अपराध माना जाएगा।

## लैंस प्रत्यारोपण शिविर के पोस्टर का विमोचन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से आगामी 22 फरवरी को प्रतापसिंह सिंघी की स्मृति में उनकी धर्म पत्नी कमला देवी सिंघी के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा तथा ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में करवाए जाएंगे। शर्मा ने बताया कि रविवार को द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में शिविर के पोस्टर पैंपलेट का विमोचन किया गया। इस अवसर पर भामाशाह कमला सिंघी, विनय भूतोडिया, राजेंद्र कनोई, दानमल शर्मा, गोपाल चोटिया, ललित सोनी, हाजी मोहम्मद, योगेंद्र, वीणा भोजक, यशस्विनी भोजक, तैयब अली आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय में टेबल भेंट करने पर किया युवाओं का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आदर्श युवा ग्रुप सारोठिया- एक नई सोच का नाम है। ग्रुप ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारोठिया में प्रधानाचार्य कक्ष के लिए लगभग 31,000 हजार रुपए की लागत की एक बड़ी टेबल व दरी भेंट की है। गांव के युवाओं का यह ग्रुप पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, गौ सेवा और सामाजिक कार्यों में सदैव तत्पर रहता है। इससे पहले भी ग्रुप ने विद्यालय में 16 कैमरे लगवाए थे। प्रधानाचार्य पप्पू राम मीना ने ग्रुप के सभी सदस्यों को विद्यालय के नाम का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर लक्ष्मण राम व्याख्याता, रामलाल व्याख्याता, मूलाराम, पूसाराम, सतपाल मीना, कमलेश मीना, हरजीराम मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

## गव्य पेंट्स का राठौड़ ने किया उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले के गाजसर में रविवार को गोबर से पेंट बनाने वाली आदित्य इंडस्ट्री गव्य पेंट्स का पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने मशीन का बटन दबाकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्याम बिहारी शर्मा, विनोद शर्मा, मुरलीधर शर्मा ने अतिथियों का माला साफा व प्रतीक चिन्ह् देकर सम्मान किया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेंद्र राठौड़ ने कहा चूरू के लिए सौभाग्य की बात है की ऐसा पर्यावरण हितकर व स्वास्थ्य हितकर नवाचार यहाँ हुआ है। गौ उत्पाद सदैव हितकर रहते हैं और पेंट जैसी केमिकल सेक्टर में प्राकर्तिक पेंट आने से आमजन को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। विधायक हरलाल सहारण ने संस्थापकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि नया उद्योग आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे वहीं गोबर के उत्पाद होने से गोबर की कीमत बढ़ेगी और गौ संरक्षण में भी सहयोग होगा। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने भी गौ उत्पाद को अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की। मुरलीधर शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदीप सरावगी, भजनलाल शर्मा, महेश मिश्रा, मोहनलाल गढ़वाल, सीपी शर्मा सहित शहर के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# हज यात्रियों का टीकारण कर दिया प्रशिक्षण




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान स्टेट हज कमेटी जयपुर की ओर से चूरू जिला मुख्यालय स्थित तेलियान बाडी में चुरू जिले से हज यात्रा पर सऊदी अरब जाने वाले हाजियों के लिए हज प्रशिक्षण एवं हज टीकाकरण शिविर सीएमएचओ चूरू डॉ. मनोज शर्मा के निर्देशन में तथा शिविर नोडल प्रभारी व एडिशनल सीएमएचओ डॉ. अहसान गौरी सानिध्य में आयोजन किया गया। हज प्रशिक्षण व टीकाकरण शिविर में एडिशनल सीएमएचओ डॉ. अहसान गौरी, पूर्व अधीक्षक डॉ. एफ.एच. गौरी, प्रोफेसर डॉ. शमशाद अली, हज प्रशिक्षक हाजी युसुफ खां चौहान, हाजी फखरूद्दीन छीम्पा इत्यादि मंचासीन रहे। इस अवसर पर हज प्रशिक्षण व हज टीकाकरण शिविर में विगत 20 वर्षों से उत्कृष्ट व उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान करने पर हाजी युसुफ खां चौहान, हाजी फखरूद्दीन छीम्पा, हाजी मोईनुद्दीन खान मोयल, हाजी रसीद खां मोयल, हाजी मास्टर शमशाद भाटी, हाजी नियामत अली कुरैशी, मास्टर मुख्यियार, डीएमडब्ल्यूओं नगेन्द्र सिंह राठौड़ इत्यादि का एडिशनल सीएमएचओ डॉ अहसान गौरी ने प्रतिक चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। इस वर्ष चूरू जिले से 64 हज यात्री हज यात्रा पर मक्का जा रहे है हज प्रशिक्षण शिविर को राजस्थान हज कमेटी के ट्रैनर हाजी युसुफ खान चौहान, हाजी फखरूद्दीन छिम्पा, मोलाना अनिस रजा, खादिम-उल-हुज्जाज सलीमुद्दीन खान व इमरान सरकेल ने संयुक्त रूप से हज प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर चूरू से हज यात्रा पर सऊदी अरब जाने वाले हाजियों ने कहा कि वह मक्का की पवित्र सर ज़मीन से मुल्क में अमन और खुशहाली के लिए दुआ करेंगे। हज टीकाकरण शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्बास कच्छावा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरन्नुम बानों, रसीद खान मोयल, इसब खॉ, तौफीक हुसैन, सुलेमान खान, विजय भाकर, महेश, जावेद सौलकी, दीपक इत्यादि चिकित्सा विभाग के अधिकारी व कर्मचारियो ने हज टीकाकरण शिविर में अपना सहयोग प्रदान किया। हज टीकाकरण शिविर में हाजियों के सीजनल एन्फ्लून्जा व मैनिनगोकोकल मैनिन जाइटिस व पोलियो इत्यादि के टीके लगाएं गए। टीकाकरण पश्चात हाजियों को अन्तर्राष्ट्रीय प्रमाण पत्र सील सहित हस्ताक्षर कर जारी किए गए। हज प्रशिक्षण व टीकाकरण शिविर में हाजी युसुफ खा चौहान,अय्यूब खान गौड, सिराज खां जाईयां, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, मोईनुद्दीन खान मोयल, रसीद खान मोयल, मास्टर शमशाद भाटी, युनुस खान, शफीक खान चौहान, मोहम्मद रफीक खान, सलिम खान, आसिफ छीम्पा, मोहम्मद आरिफ छीम्पा, रफीक छीम्पा, याकूब छीम्पा, जाकिर छीम्पा, रेहान छीम्पा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने किया, राजस्थान हज कमेटी के हज प्रशिक्षक हाजी युसूफ खान चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### सिमसिया में विराट हिन्दू सम्मेलन

## एकता, समरसता और संस्कारों के संकल्प के साथ समाज सशक्त बनाने का आह्वान




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के ग्राम सिमसिया में नव निर्मित शिव मंदिर परिसर में शिव कथा स्थल पर रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम व्यासपीठ पर विराजित पंडित गोपालकृष्ण शर्मा व राजलदेसर के संत नंदीनाथ महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग व्यवस्था प्रमुख पवन कुमार सैनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता पवन कुमार सैनी ने संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे हिन्दू सम्मेलनों के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को एकता, समरसता, अखंडता एवं परस्पर स्नेह के सूत्र में पिरोकर सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने पंच परिवर्तन के छोटे-छोटे संकल्पों को अपनाकर भावी पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने का आह्वान किया। व्यासपीठ से पंडित गोपालकृष्ण शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि जब हम सभी शिव, राम और कृष्ण की संतान हैं तो आपसी भेदभाव का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने जाति विभेद त्यागकर आपसी प्रेम बढ़ाने और अपने धर्म एवं भारत भूमि पर जन्म लेने पर गर्व करने की बात कही। साथ ही गौ-आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे आने वाली पीढ़ियां निरोग एवं सशक्त बन सकेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरजाराम सारण ने की तथा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम पुरोहित, गोविंदराम प्रजापत, सोहनराम चौधरी, बन्नाराम चौधरी, सरपंच परमेश्वरलाल मेघवाल, नथमल दर्जी, लीलाधर व्यास, बच्छराज व्यास, मोहनराम सारण, नंदलाल व्यास, गणेश पुरोहित, मोहनराम प्रजापत, पूर्व सरपंच नौरंगराम सुथार, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश कालेर, हरिराम कालेर, धन्नाराम नाई, नथूराम नायक, झूमरराम भांभू, कैलाश दर्जी, प्रेम पुरोहित, हरिराम नाई, धर्माराम कालेर, गोविंदराम कालेर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।


## व्यास कुटीर में राधा-कृष्ण संग खेली फूलों की होली, फागोत्सव में भजनों पर झूमीं महिलाएं



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पंचमुखी नगर स्थित व्यास कुटीर में शनिवार शाम ललिता देवी व्यास के सान्निध्य में 'राधा-कृष्ण संग फूलों की होली' फागोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुमधुर भजनों की धुन पर उत्साहपूर्वक नृत्य करती महिलाओं ने रंग-बिरंगे फूलों की सुगंधित पंखुड़ियां बरसाते हुए आयोजन का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ छोटू राजस्थानी की ओर से प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ। इस दौरान भावना एवं भूमि ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर आकर्षक झांकी सजाई, जिस पर श्रद्धालु महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर भक्तिमय वातावरण बना दिया। गायक कुलदीप व्यास के 'करके इशारो बुलाय गई रे...' व आज बिरज में होली रे रसिया...' जैसे भजनों पर मातृशक्ति ने जमकर नृत्य किया। वहीं छोटू मिरासी की ओर से प्रस्तुत 'मिसरी से मीठे बोल हमारी राधा रानी के...' व 'मिलेंगे कुंज बिहारी...' भजनों पर सभी श्रद्धालुओं ने सुर में सुर मिलाया। कथावाचक पवन जोशी, सुमन शर्मा एवं सोनू भाटी की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने आयोजन में भक्ति रस की वर्षा की। पूर्व पार्षद राहुल व्यास ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित समस्त महिलाओं व कलाकारों का व्यास परिवार की ओर से दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व पंडित सुरेश शर्मा के आचार्यत्व में सर्व मंगल की कामना से हवन आयोजित किया गया, जिसकी पूर्णाहुति पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया के सान्निध्य में प्रवीण व गुंजन व्यास ने दी। कार्यक्रम में डॉ. हीरालाल सोनी, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. जी.एन. ओझा, हेमंत रूंथला, आकाश मारोठिया, पंडित बनवारीलाल, सूर्यांश शर्मा, सरस्वती देवी सिखवाल, लीला देवी जोशी, कौशल्या सैनी, मंजू पेड़ीवाल, अनीता चौधरी, निर्मला शर्मा, पुष्पा वर्मा, सविता कंदोई, ललिता रामगढ़िया, आशा गौड़, विमला शर्मा, सरिता चांडक, बसंती व्यास, कांता पचलंगिया, मधु सिंधी, उमराव भाटी, शकुंतला व्यास, मंजू व्यास, ऊषा शर्मा, मीरा सिंधी, सुनीता कंदोई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन में महिलाओं ने फूलों की होली खेलते हुए फागोत्सव का उल्लासपूर्वक आनंद लिया।

## कलियुग में भगवान का स्मरण ही है सहाराः कानपुरी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास के स्वामी बस्ती स्थित श्रीबृज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत चल रही श्री मद भागवत कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पांडाल भी छोटा पड़ गया। इस दौरान कथा वाचक महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि व्यक्ति को किसी का हक नहीं खाना चाहिए। अगर आपके पास किसी का हक है, तो समय पर उसे वापस लौटना चाहिए। सुदामा की दीन-हीन दशा और कृष्ण की ओर से उन्हें अपार सुख प्रदान करने का प्रसंग निस्वार्थ प्रेम का संदेश देता है, जिसे सुनकर भक्त भावुक हो जाते हैं। कथा वाचक महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कथा में भगवान के मोहिनी अवतार, राजा परीक्षित मोक्ष के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि शुकदेव महाराज की ओर से कथा श्रवण के माध्यम से राजा परीक्षित को मृत्यु के भय से मुक्त कर मोक्ष की प्राप्ति करवाई गई। कथा के अंतिम दिन भगवान के सगुण (लीला) और निर्गुण (ज्ञान) दोनों रूपों का सार सुनाते हुए कानपुरी महाराज ने कहा कि कलयुग में भगवान का नाम संकीर्तन ही बेड़ा पार करने वाला है। उन्होंने कहा कि आपके आचरण व व्यवहार से संतो का अपमान नहीं होना चाहिए। किशोर दास स्वामी ने बताया कि कार्यक्रम की पूर्णाहुति पर सोमवार को 11 कुंडीय महायज्ञ व भंडारे प्रसाद का आयोजन होगा। इस दौरान भोलदास स्वामी, पूसाराम शर्मा, डॉ. धर्मवीर स्वामी, इंदु अशोक सांखला, परमेश्वर शर्मा, शोभाचंद सामरिया, खेमचंद स्वामी, बद्रीदास घासल, कन्हैयालाल स्वामी, देवी दत्त घासल, भागीरथ प्रजापत, निरंजन करवा, ओमप्रकाश स्वामी, शांतिलाल शर्मा, सोहनदास खिलेरी, विनोद भास्कर, मांगीलाल स्वामी, मुन्ना लाल सांडवा, कमल स्वामी, खड़क दास स्वामी, सावरमल अग्रवाल, घिसू लाल बागड़ा, बालचंद प्रजापत सहित सैकड़ो लोगों उपस्थित रहे।

## ढाणी धोरान में 121 कुंडीय रूद्र महायज्ञः 351 जोड़ों ने दी आहुति

### यज्ञ परिसर की परिक्रमा कर मांगी सर्वमंगल की कामना



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** शहर के निकटवर्ती ढाणी धोरान स्थित पंडित रेवतीरमण महाराज के आश्रम में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रूद्र महायज्ञ समिति के सहयोग से आयोजित 11 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के तहत 121 कुंडीय रूद्र महायज्ञ में मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गईं। आचार्य पंडित चंद्रशेखर दाधीच के सान्निध्य में 151 विद्वान पंडितों ने 351 जोड़ों से यज्ञ में आहुति दिलवाकर सर्वमंगल की कामना की। श्रद्धालुओं ने यज्ञ परिसर की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को सवा 11 मण दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। आयोजन के तहत 16 फरवरी की रात्रि को विशाल भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। रूद्र महायज्ञ की शुरुआत वर्ष 1977 में पांच कुंडीय महायज्ञ से हुई थी। वर्तमान में यह आयोजन विशाल स्वरूप ले चुका है, जिसमें बीदासर, चाड़वास, गोपालपुरा, ढाणी कुम्हारां, राजलदेसर, छापर, दुंकर एवं सांडवा सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु पैदल यात्रा कर यज्ञशाला पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में चल रही भागवत कथा के दौरान कथावाचक पंडित नोरतमल शर्मा ने कहा कि कथा श्रवण से पापों का नाश होता है और सच्चे संतों का सान्निध्य व्यक्ति को ईश्वर के समीप ले जाता है। वहीं रामकथा वाचन के दौरान हनुमान शर्मा ने भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन कर उनके आदर्शों का वर्णन किया। शिक्षक घनश्यामलाल शर्मा की ओर से शिव महापुराण कथा का वाचन किया गया। आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

### जल शुल्क बकायादारों पर पीएचईडी सख्त

## तीन दिन में भुगतान नहीं करने पर कटेगा कनेक्शन, होगी राजस्व वसूली कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) ने बकाया जल शुल्क की वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए उपभोक्ताओं को अंतिम चेतावनी नोटिस जारी करने शुरू कर दिए हैं। सहायक अभियंता राजेंद्र बागोरिया ने बताया कि विभागीय कार्यालय की ओर से ऐसे उपभोक्ताओं को नोटिस थमाए जा रहे हैं, जिनका जल शुल्क लंबे समय से बकाया चल रहा है। जारी नोटिस के अनुसार संबंधित उपभोक्ताओं को तीन दिन के भीतर कार्यालय अथवा ई-मित्र केंद्र के माध्यम से बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में भुगतान नहीं करने की स्थिति में विभाग की ओर से संबंधित उपभोक्ता का पानी का कनेक्शन विच्छेदित कर दिया जाएगा। सहायक अभियंता ने बताया कि इसके अतिरिक्त बकाया राशि की वसूली के लिए राजस्थान लैंड्स रेवेन्यू एक्ट की धारा 229 एवं 230 के तहत राजस्व वसूली की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से समय पर जल शुल्क जमा कर अनावश्यक कार्रवाई से बचने की अपील की है।

## खारिया बास में खेलों का उत्सवः महिला कबड्डी मुकाबला रहा मुख्य आकर्षण

### रवीना सोनी बनीं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** निकटवर्ती गांव खारिया बास में क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिताओं में ग्रामीणों, खिलाड़ियों एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए खेल भावना का परिचय दिया। पूरे आयोजन के दौरान हुए रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। महिला कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें बेरासर छोटा एवं खारिया बास की महिला टीमों के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। मुकाबला 33-33 अंकों की बराबरी पर समाप्त हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रवीना सोनी को बेस्ट प्लेयर चुना गया। वहीं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में खारिया बास ए टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती की प्रांत महिला प्रमुख एडवोकेट गायत्री पूनिया ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और महिलाओं के लिए भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने युवाओं से मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से दूर रहकर खेलों से जुड़ने का आह्वान किया। क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष राजकुमार पूनिया ने कबड्डी को ओलंपिक में शामिल करने की मांग करते हुए इसे भारत का पारंपरिक एवं लोकप्रिय खेल बताया। अन्य प्रतियोगिताओं में मटका दौड़ में बेरासर की कृष्णा ने प्रथम, दुर्गा ने द्वितीय तथा खारिया बास की सोनिका जाखड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला रस्साकशी प्रतियोगिता में खारिया बास की महिला टीम प्रथम रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका दिनेश पूनिया एवं हनुमान श्योराण ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट गायत्री पूनिया, जुगल किशोर पूनिया एवं राजकुमार पूनिया का स्वागत किया गया। अंत में रणधीर जाखड़ एवं संदीप जाखड़ द्वारा विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर जयवीर जाखड़, अनिल बलवान, नथूराम, सुरेश, सत्य प्रकाश, भंवर लाल स्वामी, सुरेश धानिया, सरजीत, किशोरी लाल धानिया, सुरेंद्र, अशोक स्वामी, लोकराम सहित अनेक ग्रामीण एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।